तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

पुलिस और नगर सेना के 733 जवानों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

रायपुर लोकसभा सीट के लिए लगभग 733 पुलिस और नगर सेना के जवानों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। उनके मतदान के लिए राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड स्थित सामुदायिक भवन को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया था, जहां 27 व 28 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, लोकसभा चुनाव में ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारियों को वोट देने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जा रही है। इसके तहत जिले में पुलिस और नगर सेना मतदाताओं के लिए मतदान करने की सुविधा देने रायपुर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में मतदाता सुविधा केंद्र बनाया था। जिलेभर से पुलिस व नगर सेना के करीब 1134 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 733 कर्मचारियों ने मतदान किया। हालांकि इनके मतदान का प्रतिशत और बढ़ सकता है, क्योंकि चुनाव ड्यूटी में लगे शासकीय कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने टाउनहॉल में भी मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया है, जहां सोमवार से मतदान होना शुरू हो गया है। जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि टाउनहॉल में 6 मई तक पोस्टल बैलेट से मतदान किए जा सकेंगे। इस दौरान जो पुलिस या नगर सेना के जवान वोट नहीं कर पाए हैं, उन्हें भी यहां मतदान करने का अवसर मिलेगा।

- सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कराया गया मतदान

वोटर बढ़ गए इतने कि डेढ़ सौ से ज्यादा मतदान केंद्र निजी भवनों में शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर जिले में 38 सहायक मतदान केंद्र सहित कुल 1907 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इनमें 1751 मतदान केंद्र शासकीय भवनों को बनाया गया है, जबकि 156 प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया है। प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र के लिए प्रशासन को अधिग्रहण करने की जरूरत नहीं पड़ी है, क्योंकि इन भवनों के लोगों ने प्रशासन के आग्रह पर चुनाव में अपनी भागीदारी निभाते हुए अपनी इच्छा से उनके भवनों को मतदान केंद्र बनाने की सहमति दी है। इस तरह ये सभी भवन बिना भाड़ा के प्रशासन को दिए गए हैं।

चुनाव में भागीदारी निभाते हुए सभी निजी भवनों को लोगों ने मतदान केंद्र बनाने निःशुल्क दिया

विस चुनाव में भी था

विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भी जिले में 156 प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया था। उस समय भी इन भवनों का किराया नहीं लगा था। लोकसभा चुनाव में फिर इन प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाया गया है।

शासकीय भवनों की कमी

जिले में चुनाव के दौरान प्राइवेट भवनों को मतदान केंद्र बनाए जाने का कारण मतदाताओं की बढ़ती संख्या है। जिले में हर चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है, जबकि शासकीय भवनों की संख्या उतनी है। एक बूथ में 15 सौ मतदाता की संख्या तय की गई है। 15 सौ एक भी ज्यादा मतदाता होने पर नया बूथ बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए मतदान केंद्र भी बढ़ाए जा रहे हैं। यहीं वजह है कि जिले में शासकीय भवनों के अलावा प्राइवेट भवनों को भी मतदान केंद्र बनाया गया है।

शहर में 1144 व ग्रामीण क्षेत्र में 763 मतदान केंद्र

7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में कुल 1907 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें 38 सहायक मतदान केंद्र शामिल है। कुल मतदान केंद्रों में शहर में 1144 एवं ग्रामीण ▶▶|शेष पेज 13 पर

खबर संक्षेप

कार चोरी के आरोप में धरा गया नाबालिग

रायपुर। सिविल लाइंस पुलिस ने 10 लाख रुपए कीमत की कार चोरी के आरोप में एक नाबालिग को पकड़ा है। 27 अप्रैल को ड्राइवर के घर के सामने खड़ी कार नाबालिग चोरी कर ले गया था। पुलिस के मुताबिक ट्रैवल्स संचालक दीपेश साव की शिकायत पर नाबालिग को कार चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है। नाबालिग ने घटना दिनांक को दीपेश के ड्राइवर के राजातालाब स्थित मकान से कार चोरी कर ली और उसे गरियाबंद ले गया था।

सट्टा खिलाते कांग्रेस नेता समेत तीन गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करते तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सटोरियों में एक कांग्रेस नेता भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में कांग्रेसी नेता भूपत महोबिया, शुभम केवलानी तथा अभिषेक गुप्ता को पकड़ा गया है। सटोरिए लाइन लेकर सट्टा संचालित कर रहे थे।

लस्सी पीने से पेटदर्द क्रेन ऑपरेटर की मौत

रायपुर। उरला थाना क्षेत्र में एक कंपनी में काम करने वाले क्रेन ऑपरेटर की पेट दर्द के बाद एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। क्रेन ऑपरेटर ठेकेदार के माध्यम से कंपनी में काम करने के लिए आया था। पुलिस के मुताबिक मूलतः बिहार, आरा निवासी सहेंद्र शर्मा की मौत हुई है। सहेंद्र ने सोमवार को दोपहर फैक्ट्री से निकलने के बाद एक ठेले पर लस्सी पी, इसके बाद सहेंद्र की पेट में दर्द शुरू हुआ। पेटदर्द बढ़ने के बाद उसे नीबू पानी पिलाया गया। असहनीय दर्द होने की वजह से सहेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह की जानकारी मिल पाएगी।

गोबर सफाई विवाद में दो पक्षों में मारपीट

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने में दो पक्षों ने गोबर की सफाई विवाद में एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लाखेनगर प्रगति चौक निवासी अयोध्या दास वैष्णव ने विनोद तथा मनोज यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अयोध्या दास ने पुलिस को बताया कि विनोद तथा मनोज ने घर के सामने गोबर की सफाई नहीं करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की। विनोद ने अयोध्या दास के खिलाफ गोबर साफ करने के विवाद में मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बेमेतरा में पिकअप हादसा, 9 मौतों के बाद फिर वही सवाल, छोटी गाड़ी में 30 बैठे कैसे?

हादसों से सबक नहीं, मालवाहकों में ओवरलोड सफर यात्रियों की मजबूरी या प्रशासन की कमजोरी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

शादी समारोह से लेकर हर तरह के आयोजन में ग्रामीण क्षेत्र के लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए आवाजाही करने जीप, कार, बस जैसे पारंपरिक साधनों के बजाय छोटे मलवाहक वाहन तथा ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग करते हैं, जिसकी वजह से आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर छोटे मालवाहक वाहन का सहारा लेते हैं इसके साथ ही उन वाहनों में क्षमता से अधिक लोग सवार होते हैं। बेमेतरा में रविवार को जिस पिकअप वाहन में लोग सवारी कर रहे थे, उसमें 32 लोग सवार थे। पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस को मालवाहक वाहन में सवारी ढोने वाले वाहन मालिकों पर चालान करना चाहिए। इसके विपरीत ट्रैफिक पुलिस की आंखों के सामने मालवाहक वाहन में सवारी ढोते देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि हर वर्ष शादी सीजन शुरू होने के साथ ही अप्रैल, मई में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं ग्रामीण क्षेत्र से सटे हाईवे पर होती हैं। ग्रामीण इलाकों में पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमित गश्त नहीं करने की वजह से ग्रामीण छोटे मालवाहक वाहन के साथ ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर एक जगह से दूसरी जगह आवाजाही करते हैं। गांव में रहने वाले अधिकतर लोगों के यहां कृषि कार्य करने ट्रैक्टर ट्राली रहती है। इसके साथ ही आसपास के गांव में तथा शहरों में आसानी से कम किराए पर छोटे मालवाहक वाहन मिल जाते हैं। पैसा बचाने के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर तथा मालवाहक वाहन किराए पर लेकर यात्रा करना पसंद करते हैं।

बस का अधिक भाड़ा बारातियों के लिए नई मुसीबत, मजबूरी में मालवाहक का सहारा

इस वजह से होते हैं हादसे

जानकारों के मुताबिक छोटे मालवाहक वाहन के पहिए यात्री वाहनों की अपेक्षा काफी छोटे होते हैं। माल ढुलाई करते वक्त छोटे मालवाहक वाहन का बैलेंस बना रहता है। सवारी बैठाने पर मालवाहक वाहन पर जितना लोड होना चाहिए, उतना नहीं हो पाता। इस वजह से सड़क से नीचे उतारने की स्थिति में मालवाहक वाहन पलट जाता है। इसके साथ ही किसी अन्य वाहन को साइड देते समय मालवाहक वाहन का बैलेंस बिगड़ जाता है, जिसकी वजह से दुर्घटनाएं होती हैं।

पुलिस को रहना होगा अलर्ट

आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया के दिन शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा शादी समारोह आयोजित होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग बारात जाने के लिए गांव से ही संचालित होने वाले छोटे मालवाक वाहन या ट्रैक्टर ट्राली किराए पर लेकर बारात जाते हैं। ट्रैक्टर तथा मालवाहक वाहन के एक्सीडेंट होने का खतरा ज्यादा रहता है। इस लिहाज से ट्रैफिक पुलिस को अक्षय तृतिया के दिन अलर्ट रहना होगा।

मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई का दावा

ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक पिछले दिनों 25 तथा 26 अप्रैल को ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शादी समारोह था। ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादातर लोग छोटे माल वाहक वाहन तथा ट्रैक्टर पर सवार होकर बरात जाते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण इलाकों में ट्रैफिक पुलिस की टीम लगाई गई थी। साथ ही ग्रामीणों को मालवाहक वाहन पर सवार होकर बारात नहीं जाने हिदायत दी गई थी। अफसर के मुताबिक हिदायत की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

सच्चाई यह भी... *ट्रैफिक पुलिस मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर कार्रवाई करने का दावा कर रही है, इसके विपरीत राजधानी के रायपुरा चौक के पास रिंग रोड में ट्रैफिक पुलिस की आंखों के सामने एक मालवाहक वाहन के चालक सवारी ढोकर ले गया, जिसे ट्रैफिक पुलिस के जवान कार्रवाई करने की बात तो दूर, रोकना तक उचित नहीं समझा।*

पूर्व आईएएस टूटेजा की 6 दिन और बढ़ी रिमांड

- पांच दिनों की रिमांड समाप्त होने पर टूटेजा को कोर्ट में पेश किया
- ईडी के वकील ने कोर्ट को बताया पूछताछ में कई अहम जानकारी मिली

अनिल टूटेजा पर ईडी का शिकंजा कसा, पांच दिनों के की रिमांड पर लिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की विशेष कोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा की ईडी रिमांड छह दिनों के लिए और बढ़ा दी है। गौरतलब है कि पांच दिनों की रिमांड समाप्त होने पर ईडी के अफसरों ने टूटेजा को सोमवार को कोर्ट में पेश किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने टूटेजा की रिमांड अवधि बढ़ाने का फैसला सुनाया। पूर्व आईएएस अब चार मई तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे।

ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय के मुताबिक पांच दिन की पूछताछ में शराब घोटाले को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। ईडी के पास दस्तावेजी के साथ डिजिटल साक्ष्य होने की बात सामने आई है। दस्तावेजी तथा डिजिटल साक्ष्य को लेकर ईडी के अफसरों को पूर्व आईएएस से पूछताछ करने के साथ टूटेजा से साक्ष्य की पुष्टि करना है। टूटेजा से पूछताछ में घोटाले से संबंधित अन्य तथ्य सामने आने की बात कही जा रही है।

घोटाले की दो एजेंसी कर रही जांच

शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केस खारिज होने के बाद ईडी ने ईओडब्लू तथा एसीबी ने शराब घोटाले को लेकर दर्ज किए गए अपराध के आधार पर नया ईसीआईआर दर्ज किया है। इस तरह से शराब घोटाला मामले में राज्य के साथ केंद्र की एजेंसी जांच कर रही है। ईओडब्लू ने शराब घोटाला मामले में 70 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने शराब घोटाला मामले में पूर्व में जिन लोगों को आरोपी बनाया था, नए इसीआईआर में भी उन्हीं लोगों को ईडी ने आरोपी बनाया है। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में शराब तथा होटल कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन दो मई तक ईओडब्लू की हिरासत में है। इसके साथ ही अनवर ढेबर,अरविंद सिंह तथा आबकारी विभाग के पूर्व एमडी एपी त्रिपाठी दो मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं।

स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने का सिस्टम ठप, महीनों से बॉटल क्रशिंग मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन को साफ और स्वच्छ बनाने रेलवे बोर्ड के नियमों का पालन रायपुर मंडल के स्टेशनों में नहीं हो रहा है। स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने 3 साल पहले बॉटल क्रशिंग मशीन स्थापित की गई थी, जिससे प्लास्टिक की बॉटल का निष्पादन होता था। यह मशीन स्टेशन में पांच महीने से बंद है। वर्तमान में गर्मी के कारण पानी बोतल का इस्तेमाल बढ़ गया है। मशीन के बंद होने से यात्री पानी पीने के बाद सीधे कूड़ेदान में ही बोतल डालते हैं। इस तरह बोतल का निष्पादन नहीं हो रहा है। रेलवे ने सालभर पहले ही सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा और बर्तन की थालियों में खाना परोसने का निर्देश दिया था, लेकिन हकीकत में प्लास्टिक की ▶▶|शेष पेज 13 पर

स्टेशन में हर दिन खरीद रहे 400 से अधिक रेल नीर बॉटल, नहीं हो रहा इसका निष्पादन

- सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा और बर्तन का करना था इस्तेमाल
- रेलवे ने सालभर पहले ही टेराकोटा और बर्तन की उपयोग का निर्देश दिया था

जिम्मेदारों ने नहीं कराया मेंटनेंस

रेलवे ने बॉटल क्रशिंग मशीन रायपुर के साथ दुर्ग- भिलाई और बिलासपुर समेत दर्जनों स्टेशनों में स्थापित किया है। रायपुर में यह मशीन पांच महीने से बंद पड़ी है, लेकिन जिम्मेदारों ने इसका मेंटनेंस अभी तक नहीं कराया है। यही कारण है कि पानी बॉटल का निष्पादन नहीं हो रहा है। अंततः प्लास्टिक कचरे के डिब्बे में जा रहा है। इससे पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। हर दिन स्टेशन में 500 से अधिक पानी की बॉटल खरीदी जाती हैं, लेकिन इसके निष्पादन की व्यवस्था स्टेशन में खराब पड़ी है।

अधिक खर्च इसलिए नहीं बनी व्यवस्था

प्लेटफार्म में सिंगल प्लास्टिक की जगह टेराकोटा को उपयोग में लाने का 2022 में रेलवे ने निर्देश दिया था, जिसके बाद जोन के जिम्मेदारों ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने जल्द टेंडर निकालने की बात कहीं थी, लेकिन यह योजना ठंडे बस्ते में जा चुकी है। स्टेशनों में अब भी वेंडर्स सिंगल प्लास्टिक का उपयोग कर रहे हैं। टेराकोटा व दोना पत्तल को उपयोग में लाने अभी तक टेंडर नहीं किया जा सका है। अधिक खर्च होने के कारण स्टेशन में यह व्यवस्था लागू नहीं हो सकी।

मौसम शुष्क होते ही 41 डिग्री पारा, दो दिन वृद्धि के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम के शुष्क होते ही तेज धूप के प्रभाव से रायपुर का तापमान एक बार फिर 41 डिग्री के करीब पहुंच गया है। अगले दो दिन इसमें लगातार वृद्धि के आसार हैं, इसके बाद मौसम स्थिर रहेगा। मई में पहले सप्ताह के अंतिम दिनों में बादल छाने आसार बन रहे हैं।

मई के पहले सप्ताह में तेज गर्मी, फिर छाएंगे बादल

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक रविवार को छाए बादलों की वजह से रायपुर का पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे चला गया। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवा की मात्रा कम होने से सोमवार को सूरज ने गर्मी दिखाई और तापमान अपनी सामान्य स्थिति में आकर 41 डिग्री दर्ज किया गया। अगले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में और वृद्धि होने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राज्य में अगले दो दिन तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

प्रमुख शहरों का तापमान

रायपुर	41.0
माना	40.8
बिलासपुर	40.8
पेंड्रा	40.4
अंबिकापुर	39.8
जगदलपुर	40.2
दुर्ग	40.2
राजनांदगांव	41.7

चुनाव के साथ छुट्टी का असर, 50 हजार यात्रियों ने किया सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 24 अप्रैल को सर्वाधिक 7734 यात्रियों की आवाजाही
- ट्रेनें अनियमित, इसलिए भी हवाई सेवा की मदद ले रहे लोग

चुनावी सरगर्मी के साथ गर्मी की छुट्टी का असर आवागमन के साधनों पर नजर आने लगा है। रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में भी यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। पिछले सप्ताह रायपुर एयरपोर्ट से लगभग 50 हजार यात्रियों ने आवाजाही की।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी छत्तीसगढ़ में राजनीति से जुड़े लोगों की आवाजाही बढ़ी हुई है। इसके साथ ही स्कूलों में गर्मी की छुट्टी हो चुकी हैं, जिसके कारण भी यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ गई है। ट्रेनों की चाल अनियमित है, जिसकी वजह से लोग विमानों की मदद से अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं।

सप्ताहभर में लगाए 167 फेरे

प्रबंधन के मुताबिक, बीते सप्ताह यानी 22 से 28 अप्रैल के बीच स्वामी विवेकानंद ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

मतदान जागरूकता अभियान चलाया

आरंग। संकुल केंद्र खौली में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत गणमान्य नागरिकों के घर–घर जाकर मतदान करने के लिए आमंत्रण पत्र दिया गया। साथ ही समस्त नागरिकों से स्वयं, अपने रिश्तेदारों, परिचितों को 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करने निवेदन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य डॉ. देवलाल साहू, संकुल समन्वयक उगेश कुमार साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक विजय कुमार वर्मा, प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक सरिता तिवारी सहित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की समस्त व्याख्याता, समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रत्याशी उपाध्याय की पत्नी आज लेंगी बैठक

तिल्दा नेवरा। पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा ने देर शाम कांग्रेस भवन नेवरा में उपस्थित होकर बताई की रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती संजना उपाध्याय 30 अप्रैल मंगलवार को तिल्दा नेवरा पहुंचेंगे, सुबह 10:00 बजे से उनके द्वारा पूरे 22 वार्डो में जाकर जनसंपर्क कार्यक्रम किया जाएगा। इस दौरान वे शहर के सभी वार्डों में जाकर बैठक करेंगे साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी को वोट देकर विजयि बनाने की अपील करेंगे। इस दौरान तिल्दा नेवरा के कांग्रेसी भी उपस्थित रहेंगे।

घर-घर जाकर बुजुर्गों से कराया गया मतदान

तिल्दा नेवरा। तिल्दा तहसील छेत्र अंतर्गत मतदान दल क्रमांक 16 के रूट प्रभारी विपिन पटेल के नेतृत्व में पीठासीन अधिकारी राम कुमार पटेल, मतदान अधिकारी सतीश कुमार दास, माइक्रो आबजर्वर अनुराग जान कुजूर आदि ने 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग , दिव्यांग आदि के घर घर जाकर मतदान करवाया गया। आज घर घर मतदान कार्य किया गया जहां मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा गया। मतदान दल क्रमांक 16 रूट प्रभारी विपिन पटेल नायब तहसीलदार ने बताया की जिलाधीश के आदेशानुसार मतदान दल द्वारा मतदान कार्य करवाया गया है।

खौली में तीन दिनी रामायण स्पर्धा 1 से

आरंग। ग्राम खौली में नवा अंजोर मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में 01 से 03 मई तक तीन दिवसीय संगीतमय मानस गान व्याख्यान राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें अंचल के विभिन्न जिलों के ख्याति प्राप्त 24 रामायण मण्डलियों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में पुरुश एवं महिला रामायण मंडली के विजेता को प्रथम पुरस्कार 5000 रु., द्वितीय 3000 रु. व तृतीय 2000 रु. से पुरस्कृत किया जावेगा। प्रतियोगिता में निर्णायक राजेन्द्र चंद्राकर, संतोश तिवारी होंगे। वही भागी चंद्राकर, सीताराम चंद्राकर, अजय साहू, रमेश साहू को पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त जानकारी मानस मंच संयोजक हीरालाल साहू ने दी।

आरंग स्वीप क्रिकेट में लोकतंत्र के नारों के साथ लगे चौके और छक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग इंडोर स्टेडियम में लोकतंत्र को सफल बनाने स्वीप क्रिकेट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार टीमें क्रमशः स्वीप इलेवन, टीचर्स इलेवन, व्यापारी संघ आरंग एवं आरंग क्रिकेट एसोसिएशन ने हिस्सा लिया तथा खिलाड़ियों ने भी आगामी चुनाव 7 मई मंगलवार के उत्साह में टीचर्स इलेवन ने 6 ओवरों में 106 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोकतंत्र के नारो की गूंज के साथ खिलाड़ियों ने मैच में जमकर चौके और छक्के लगाए। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि महज यह खेल नहीं है अपितु शत-प्रतिशत मतदान के लिए की गई पहल है और कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न हो इसके लिए नित नई जागरूक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा एवं जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने न केवल सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया अपितु स्वीप इलेवन की ओर से कप्तानी और उप कप्तानी पारी भी खेली एवं प्रथम एवं द्वितीय रहे टीम क्रमशः टीचर्स इलेवन एवं स्वीप इलेवन के खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी भेंट की व मैन ऑफ द मैच क्रमशः खोमन निषाद, अरुण उईके व शैलेंद्र साहू को नगद राशि देकर पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारीगण शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव व महेंद्र कुमार पटेल ने लोकतांत्रिक कमेंट्री करते हुए जागरूकता नारो के साथ सबका उत्साह बढ़ाया।

टीचर्स इलेवन एवं स्वीप इलेवन के खिलाड़ियों को ट्रॉफी भेंट की

क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष सहभागित

स्वीप क्रिकेट फ्लड लाइट रोशनी में खेला गया। इस अवसर पर आरंग क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष सहभागिता रही। मैच में अंपायरिंग युवा प्रवीर प्रधान, प्रशांत शर्मा, किशोर वर्मा एवं अजय साहनी ने की। साथ ही स्कोरर राहुल विश्वकर्मा, वरुण साहू रहे। इस दौरान खिलाड़ीगण टुकेश्वर लोधी, बालकृष्ण साहू, यशवंत गोयल, नरेंद्र साहनी, सुनील पटेल, भूषण जलक्षत्री, आशीष बघेल, सुदीप गुप्ता, उत्तम निषाद, सचिन गुप्ता, योगेंद्र चंद्राकर, यशवंत साहू, मनहरन ध्रुव, नगर पालिका कर्मचारीगण अजय ध्रुव, लक्ष्मण पाल, राजेश साहनी सहित दर्शकों की खासी उपस्थिति रही।

सियासत : धरसींवा क्षेत्र के 6 सरपंचों समेत 200 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा

लोस चुनाव : छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शून्य पर आउट हो जाएगी : डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

लोक सभा चुनाव 2024 के लिए रायपुर लोक सभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव धरसींवा के ग्राम कपसदा पहुँचे ओर विशाल सभा मे कमल खिलाने की अपील किये।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बेहद खराब है। कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मची है। कांग्रेस जनता की विश्वसनीयता खो चुकी है। पहले तो कोई चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता था। अब पार्टी के लोग ही अपने प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। जब कांग्रेस के अपनों को ही उन पर भरोसा नहीं रहा तो जनता को विश्वास कैसे होगा। कांग्रेस के नेता जिस तरह अपने ही नेताओं का विरोध करते दिखे हैं उससे स्पष्ट है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में शून्य में आउट होने वाली है। भाजपा सभी 11 सीट जीतने वाली है। इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के मार्गदर्शन में 06 सरपंचो ने और दो सौ कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा का दामन थाम लिए।

लोक सभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान के लिए सोमवार को छग के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की एक बड़ी सभा ग्राम पंचायत कपसदा में सम्पन्न हुए जिसमे धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा के मार्गदर्शन में क्षेत्र के 6 सरपंचो सहित 200 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिए यह निश्चित रूप से कांग्रेस के लिए बड़ी झटका साबित होगा।

- मोदी की गारंटी से मतदाताओं में भारी उत्साह और कांग्रेस की कलह को जनता समझ रही है
- भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड मतों से जितानी की अपील की

प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बेहद नाजुक

इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मची है। केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब से अब तक इतिहास देखेंगे तो कांग्रेस ने केवल झूठ और भ्रम फैलाया है। झूठा वादा करके और प्रोपेगेंडा करके देश के सत्ता में रहे। अब जनता समझ चुकी है। अब इनके पास न नेता रहे और न ही नीयत है। इनके पास बताने के लिए कोई काम नहीं है। जब इनकी सरकार बनती है तो इनके वादों को भूल जाते हैं। पिछली भूपेश सरकार ने 36 में से एक भी वादा को पूरा नहीं किया, प्रदेश की जनता को परेशान करके रखा और प्रदेश को दोनों हाथों से लूटने का काम किया। प्रदेश में अराजकता फैलाई, विकास को अवरुद्ध किया। प्रशासनिक व्यवस्था तहस-नहस किया।

घोटाले करने में कांग्रेस उस्ताद : अनुज

सभा को सम्बोधित करते हुए धरसींवा विधायक एवम भाजपा के स्टार प्रचारक श्री अनुज शर्मा ने संबोधित करते हुए अनुज ने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसका नाम ही विदेशी है एक परिवार के लिए काम करने वाली पार्टी है. यहां सारे लोग बॉयलर हैं. कांग्रेस में मैं प्रधानमंत्री नहीं तो मेरा बेटा प्रधानमंत्री, मेरी बहू प्रधानमंत्री नहीं तो उसका बेटा प्रधानमंत्री और नहीं तो दामाद प्रधानमंत्री केवल एक परिवार अपने नीचे स्वार्थ के लिए इस पार्टी का संचालन कर रहा है। इस दौरान अनुज शर्मा ने कहा कि जब तक यहां पर कांग्रेस की सरकार थी, उन्होंने जनता को धान के मामले में उलझा कर रखा. दूसरी तरफ कोयला घोटाला, गोबर घोटाला, शराब घोटाला, महादेव सट्टा एप घोटाले किए. इसके बाद अब जितने भी इन सब मामलों में जिम्मेदार है वह चक्की पीस रहे हैं. चाहे अधिकारी हो या नेता।

सरपंच समेत सभी का गमछा पहनाकर स्वागत

छग के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के समक्ष जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकेरा सरपंच श्री सोहनलाल साहू,कुथरैल सरपंच श्री रेमनपाल,पठारी डीह सरपंच श्री हरी शंकर सोनवानी,कन्हेरा श्रीमती आश्मिन भाई जांगड़े,बेंदरी श्रीमती सेवती निषाद,रैता सरपंच श्री विद्या भूषण वर्मा सहित लगभग 200 कार्यकर्ताओ ने भाजपा प्रवेश किया जिसे सभी को उप मुख्यमंत्री ने भगवा गमछा पहना कर सम्मान किये।

इनकी रही उपस्थिति

पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल,जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर के के वर्मा,मण्डल अध्यक्ष खरोरा नरेंद्र ठाकुर ,,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सविता चन्द्राकर,चंद्रशेखर शुक्ला, ,जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार, युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा, सरपंच फूलचन्द्र साहू,गोपाल अग्रवाल,विजय अग्रवाल,पुरुषोत्तम यादव,मीडिया प्रभारी हेमन्त वर्मा,कौशल साहू, नेहा साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणी शिवारे, डॉक्टर राम खिलावन वर्मा,नठु यादव,चंद्रकांत सोन मिरी, मोहन प्रजापति ,विवेक वर्मा प्रवीण धीवर, योगेश साहू ,नवीन वर्मा ,निहाल सिंह, वर्मा, पंकज साहू, निखिल जैन,, लिकेश देवांगन, गजेंद्र साहू, दिनेश साहू, कृष्णा साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उवास्तिथ थे।

शिवसेना ने दिया भाजपा को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व मे रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को नौ विधानसभा क्षेत्र के शिवसैनिकों ने उनके निवास पहुंचकर अपना समर्थन दिया। शिवसैनिकों ने कहा कि 45 हजार कार्यकर्ताओं का मत भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को दिलाने ग्राम पंचायत, नगर पालिका व सभी जगह बैठक कर एक–एक कार्यकर्ताओं के घर जाकर सभी को संगठित कर भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील करेंगे। शिवसेना प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला व रेशम जांगड़े ने बताया की भाजपा और शिवसेना का गठबंधन 1989 से आज तक है।

मोदी जी ने शिवसेना के एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया। राष्ट्रीय नेतृत्व भाजपा के साथ है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शिवसेना भी 11 लोकसभा में भाजपा को समर्थन दे रही है। रायपुर, आरंग, धरसीवा, अभनपुर, बलोदाबाजार, भाटापारा के सभी कार्यकर्ता भाजपा के साथ मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को आज से अपने-अपने विभानसभा में काम पर लगने को कहा। इस पर शिवसैनिकों ने अब की बार 400 पार का नारा दिया। उक्त जानकारी शिवसेना के कृष्णा यादव व जिला महासचिव राकेश शर्मा ने दी।

नितिन नवीन हर लोकसभा में जाकर बनाएंगे चुनावी रणनीति

पहले दिन कोरबा में बैठक लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हैं। अब वे यहां पर तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमने तक रहेंगे और बची सात लोकसभा सीटों को लेकर हर लोकसभा में जाकर वहां पर भाजपा की स्थिति की जानकारी लेंगे और चुनावी रणनीति बनाएंगे। यहां आने के बाद जहां उन्होंने पहले सोशल मीडिया और भाजपा मीडिया सेल की बैठक ली, वहीं पहले दिन कोरबा जाकर वहां पर लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी जानकारी ली और रणनीति पर मंथन किया। यहां होने वाली केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा को लेकर तैयारियों को भी देखा है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें इस बार जीतने की रणनीति पर काम कर रहा है।

यही वजह है कि भाजपा ने इसको लेकर पूरी ताकत झोंकने का काम किया है। भाजपा ने एक तरफ लगातार राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की रणनीति बनाई है तो दूसरी तरफ संगठन के जरिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जीत के लिए काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेता यहां लगातार रणनीति भी बनाने का काम कर रहे हैं। पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रदेश संगठन को यहां पर रात को रूककर बैठक लेकर जीत का मंत्र दिया, इसके बाद राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश दो दिनों तक रूककर बैठकें लेकर लौटे हैं। अब प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन पहुंचे हैं।

अभा पूर्व सैनिक संगठन की बैठक कई मुद्दों पर चर्चा

रायपुर। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन की दो दिवसीय बैठक हुई। इस बैठक में देशभर से प्रतिनिधि शामिल होने पहुंचे थे। बैठक में सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन आदि विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान कई प्रतिनिधियों ने पूर्व सैनिकों के परिवारों को जीवनयापन में हो रही दिक्कतों को लेकर भी अपनी बातें रखीं। इसके अलावा गरीब परिवारों को शासन से सहायता दिलाने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए ले. जनरल वीके चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अपने विचार रखे।

सशिमं तिल्दा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय तिल्दा में सोमवार को सुबह 9:00 बजे कक्षा नर्सरी से एकादश तक विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शाला प्रबंध समिति के व्यवस्थापक दिलीप वर्मा, विद्यालय शुल्क निर्धारण पालक समिति के सदस्य मारुति राव के द्वारा मां सरस्वती ओंकार एवं मां भारती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात परीक्षा प्रभारी नरेश साहू के द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

कक्षा नर्सरी में शेष नारायण प्रथम, द्वितीय डिम्पल, तृतीय सिया यादव, कक्षा पंचम में जय सिंह सोनवानी प्रथम, कक्षा अष्टम में जिया निषाद प्रथम रही। कक्षा नर्सरी से अष्टम तक वार्षिक परीक्षा परिणाम 100% प्रतिशत रहा। नवम और एकादश कक्षा में एक-एक छात्र असफल रहे व नवम चार और एकादश में दो छात्रों को पूरक दिए गये हैं। अतिथियों द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को पारितोषिक दिया गया एवं कक्षा में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले भैया बहनो को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर समिति के व्यवस्थापक दिलीप वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में सभी भैया बहनों, अभिभावकों एवं दीदी आचार्यो को बधाई देते हुए कहा कि नर्सरी से एकादश तक कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आगामी शिक्षण सत्र से विद्यालय में कंप्यूटर की कक्षाएं लगेगी और सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने के लिए जरूर भेजिएगा ।तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू ने अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किए। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली

भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रदेश के शिक्षा एवं धर्मस्व मंत्री व रायपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का आरंग विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम रविवार को निर्धारित था। बृजमोहन व आरंग विधायक गुरु खुशवंत का आरंग विधानसभा के ग्राम पलौद आगमन हुआ। वहां ग्रामीणजनों के स्वागत पश्चात युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली के माध्यम से अगुवाई करते हुए निर्धारित ग्रामो तक ले जाया गया।

जहां पलौद से लखौली, रसनी, बैहार होते हुए आरंग नगर के भक्त कर्मा माता चौक में आरंग के सामाजिक पदाधिकारियो, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा जमकर आतिशबाजी करते हुए ढोल–नंगाड़ो एवं बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जैसे ही बृजमोहन अग्रवाल का नगर प्रवेश हुआ, कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहे थे एवं लगातार अबकी बार 400 पार, फिर इस बार मोदी सरकार का नारा लगा रहे थे।

तत्पश्चात श्री अग्रवाल का काफिला आगे के ग्रामो तक जनसंपर्क करने अमेठी, गुल्लू, रानीसागर, बनरसी, कोसरंगी, चोरभट्टी, तुलसी, सकरी, समोदा रवाना हुआ, जो कि चपरीद में उद्बोधन व आभार के साथ समापन हुआ। पूरे जनसम्पर्क के दौरान रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, महामंत्री छोटेलाल सोनकर, पूर्व विधायक संजय ढीढी, भाजपा नेत्री डॉ. किरण बघेल, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार वर्मा, देवनाथ साहू, नंदकुमार साहू, सहित भाजपा प्रदेश, जिला, मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि व नगर व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

लखौली में 200 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

आरंग। युवाओ के बीजेपी के प्रति बढ़ते रुझान के चलते आरंग विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो युवा बीजेपी में शामिल हो गए है। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के समक्ष ग्राम लाखौली में आयोजित एक सभा में रायपुर संभाग अध्यक्ष युवा छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रफुल्ल साहू एवं उनके साथी रविकांत तारक के नेतृत्व में आरंग एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 200 युवा भाजपा मे शामिल हो गये। सभी शामिल होने वाले युवाओं को बृजमोहन अग्रवाल व गुरु खुशवंत साहेब ने बीजेपी का दुपट्टा पहना कर भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर केके भारद्वाज, विनोद साहू, सतीश सोनकर, प्रशांत नेभवाणी आदि ने भाजपा में शामिल होने वाले साथियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। बृजमोहन अग्रवाल व गुरु खुशवंत साहेब ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी युवाओं को आगे आकर मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में मोदी जी के कार्यशैली का ही परिणाम है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और लगातार बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं। बीजेपी में शामिल होने वाले प्रफुल्ल साहू व रविकांत तारक रायपुर लोकसभा क्षेत्र में जमीनी स्तर पर युवाओं में अच्छी पकड़ रखते है सभी छात्र–छात्रओ के हित में अक्सर अपनी आवाज बुंलद करते आ रहे है। चाहे शिक्षा के विषय में हो या स्वास्थ्य के विषय मे ये लोग हमेशा समाजिक व जनहित मुद्दे को लेकर हमेशा आगे रहते है। भाजपा में शामिल होने वाले में पुनाराम टंडन, दिवाकर साहू, त्रिलोकी साहू, कुणाल तारक, विकास साहू, भूषण साहू, अश्विनी साहू, आशीष साहू, रामेश्वर साहू, खुमान साहू, तीरथ साहू, भीखम साहू, माहताब मैथिल, केपी साहू, रामेश्वर साहू ने अपने 10 साथियो के साथ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व विधायक गुरु खुशवंत साहेब के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।

(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, तिल्दा
जिला-रायपुर (छ.ग.)
// शपथ पत्र //
मै गजेन्द्र कुमार उम्र 31 वर्ष पिता श्री नारद वर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट टण्डवा थाना व तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर छ.ग. के रहने वाला हूं जो निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूं:-
(1) यह कि मै उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं ।
(2) यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 5443 9010 3029 में गजेन्द कुमार दर्ज है । जो कि सही है
(3) यह कि मेरे बजाज एलाईस लाइफ पॉलिसी नं. 0334676338 में गजेन्द्र कुमार वर्मा दर्ज हो गया है ।
(4) यह कि मेरा नाम गजेन्द्र कुमार एवं गजेन्द्र कुमार वर्मा दोनो मेरे ही नाम दो नाम से मै एक ही व्यक्ति हूं तथा मै अपने बजाज एलाईस लाइफ पॉलिसी में गजेन्द्र कुमार वर्मा जगह गजेन्द्र कुमार दर्ज करवाना चाहता हूं । जिसके लिए यह शपथ पत्र बजाज एलाईस लाइफ पॉलिसी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं ।
(5) यह कि उपर्युक्त कथन के समर्थन में मै यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं तथा समस्त नियम व शर्ते मुझे मान्य है । शपथकर्ता
सत्यापन
उपरोक्त नामांकित शपथकर्ता यह सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथ पत्र मे दी गई कंडिका 01 से 05 तक का कथन हमारे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 05/01/2024 को मुकाम तिल्दा में अपना हस्ताक्षर किया ।
सत्यापनकर्ता
गजेन्द्र कुमार

खबर संक्षेप

खड़गे की सभा में शामिल होंगे पायलट

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट मंगलवार को चांपा जिले के जांजगीर में आयोजित चुनावी सभा में शामिल होंगे। इस सभा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के संबोधित करने वाले हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश प्रभारी मंगलवार दोपहर रायपुर एयपोर्ट से हैलीकॉप्टर द्वारा चांपा रवाना होंगे। इसके बाद सचिन पायलट अपराह्न पौने चार बजे सरगुजा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह के समर्थन में चुनावी सभी में हिस्सा लेने अंबिकापुर जाएंगे। वहां पीजी कॉलेज में सभा रखी गई है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने अवधेश कुमार त्रिवेदी

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के नये वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी को बनाया गया है।

अवधेश कुमार त्रिवेदी भारतीय रेलवे ट्रैफिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी हैं। श्री त्रिवेदी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक (प्लानिंग एवं सेफ्टी) पद पर कार्यरत थे। सोमवार को अपराह्न के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रायपुर का पदभार ग्रहण किया। 2021 में राष्ट्रीय रेल सेवा पदक से भी सम्मानित हैं। अवधेश कुमार पूर्व में एरिया मैनेजर कोरबा, मंडल परिचालन प्रबंधक, बिलासपुर एवं उप मुख्य पारिचालन प्रबंधक (गुड्स) के पदों पर भी कार्य कर चुके हैं।

संचालनालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने जय

रायपुर। संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद जय साहू चुने गए हैं। संघ के अध्यक्ष पद के लिए 29 अप्रैल को आमसभा का आयोजन किया गया था। प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी कमल वर्मा की अध्यक्षता में हुई आमसभा में संगठन चुनाव की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित कर्मचारियों से अध्यक्ष के लिए नाम प्रस्तावित करने प्रस्ताव रखा गया। संघ की ओर से एडी. पवार ने जय कुमार साहू का नाम प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन सुभाष श्रीवास्तव व संजीत शर्मा ने किया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा आमसभा से सहमति लेते हुए जय कुमार साहू को अध्यक्ष घोषित किया गया। आमसभा में निवृत्तमान अध्यक्ष रामसागर कौशले, संतोष वर्मा, कुमार वर्मा, महेंद्र साहू, जगदीप बजाज, अनिल मालेकर, सोनाली तिड़के, अमित पाटिल, लोकेश वर्मा, शकुंतला साय सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

स्व. जोगी को दी पुष्पांजलि

रायपुर। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संस्थापक स्व. अजीत जोगी के 78वीं जन्म जयंती के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास के सामने नवीन जोगी निवास में आज जोगी परिवार ने स्व. अजीत जोगी को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान स्व. जोगी के साथ लंबे समय से जुड़े और उनके साथ काम करने वाले नेताओं ने उन्हें याद किए और भावुक हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्टी प्रमुख डॉ. रेणु जोगी, पार्टी के अध्यक्ष अमित जोगी, महामंत्री महेश देवांगन, मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक, संजीव अग्रवाल, रायपुर जिला अध्यक्ष संदीप यदु, गजेंद्र देवांगन, प्रदीप साहू, रवि चंद्रवंशी, शमसुल आलम, धनेश देवांगन, गौरव तिवारी, अंकुर जायसवाल, अंकित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

केंद्र और राज्यांश की धनराशि सीमा से अधिक आहरण के लिए वित्त की अनुमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर<

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने कहा भविष्य में केंद्रांश की प्राप्त राशि और राज्यांश का सीमा से अधिक आहरण वित्त विभाग की सहमति के बाद ही किया जाए। वित्त विभाग ने इस संबंध में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव, विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार को निर्देश भेजा है। इसके साथ ही वित्त विभाग ने पीएफएमएस से संबंधित विभिन्न जानकारी जारी की है।

राज्य सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि भारत सरकार के आदेशानुसार राज्य में केंद्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत भुगतान प्राप्त करने के लिए पीएफएमएस प्रणाली को लागू किया गया है। इस संबंध में कार्यक्रम के तहत विभिन्न बिंदुओं पर तय समय सीमा में कार्यवाही अपेक्षित रहती है। इस संबंध में नोडल कार्यालय, संचालनालय, संस्थागत वित्त, द्वारा अनेक स्मरण पत्र भी भेजे गए तथा समय समय पर सेमिनार द्वारा ट्रेनिंग के बाद भी उचित कार्यवाही समय सीमा में नहीं हो पा रही है। इस स्थिति को देखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं।

दिए हैं ये निर्देश : वित्त विभाग ने कहा है कि पीएफएमए के अंर्तगत राज्य प्रवर्तित योजनाओं की मैपिंग एवं मार्किंग की जानी है। ऐसी योजनाएं जिनकी मैपिंग एवं मार्किंग नहीं की जानी है उन्हें पीएफएमएस पोर्टल से हटाएं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट बुक में दिखने वाली 37 योजनाओं की मैपिंग एवं मार्किंग लंबित है।

वित्त विभाग ने पीएफएमएस के संबंध में दिए निर्देश

वित्त की सहमति से हो आहरण

वित्त विभाग ने केंद्रांश की प्राप्त राशि के संबंध में कहा है कि ऐसा विदित हुआ है कि कुछ योजनाओं में बजट प्रावधान की सीमा के अंदर परंतु केंद्र से प्राप्त राशि से अधिक का आहरण कोषालय के माध्यम से हुआ है। विभागों से कहा गया है कि एसएनए प्रणाली के तहत कोषालय से आहरण तभी किया जाए जब केंद्र से राशि प्राप्त हो गई हो और राज्य का आहरण सही अनुपात की सीमा के अंतर्गत ही किया जाए। इसके लिए रिमेंबर्समेंट मोड में संचालित योजनाओं को भारत शासन द्वारा छूट प्रदान की गई है। केंद्रांश की प्राप्त राशि का सीमा से अधिक आहरण करने के संबंध में कहा गया है कि भविष्य में केंद्र की प्राप्त राशि एवं राज्यांश का सीमा से अधिक आहरण वित्त विभाग की सहमति के बाद ही किया जाए।

केंद्र की राशि का आहरण 30 दिनों में

केंद्रांश की प्राप्त राशि को 30 दिनों के भीतर कोषालय से आहरण कर एसएनए खाते में जमा करने के संबंध में कहा गया है कि इस संबंध में फरवरी 2023 एवं अप्रैल 2023 में निर्देश दिया गया था। इस प्रणाली के तहत संचालित योजनाओं में केंद्रांश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर राज्यांश के साथ कुल राशि का कोषालय से आहरण कर एसएनए खाते में जमा किया जाना है। केंद्र से प्राप्त राशि का आहरण प्राप्त दिनांक से 30 दिनों के भीतर न होने से केंद्रांश की राशि पर सात प्रतिशत ब्याज राज्य द्वारा केंद्र को देना होगा।

शाह के वीडियो से छेड़छाड़ पर बोले सीएम साय- ऐसी हरकत सहन नहीं की जाएगी

भाजपा नेता बोले- कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। कांग्रेस द्वारा ऐसे दुष्प्रचार पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि अपनी बुरी हार सामने देख कर कांग्रेस अब कोई भी स्तरहीन हथकंडे अपनाने से बाज नहीं आ रही है। दशकों तक आदिवासियों, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग के लोगों को ठगती रहने वाली, वंचित समूहों का शोषण करने वाली कांग्रेस अब फिर से आरक्षण के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रही है। गृह मंत्री श्री शाह के भाषण को भी गलत तरीके से एडिट कर वह भ्रम फैला रही है। श्री साय ने लिखा है, कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी देना चाहता हूं कि आदिवासियों-पिछड़ों-दलितों के खिलाफ ऐसा भद्दा मजाक करने से बाज आए। ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं की जाएगी। श्री साय ने लिखा है, कांग्रेस शुरू से ही वंचित समूहों को आगे लाने का, आरक्षण का विरोध करती रही है। कांग्रेस की ऐसी हरकतों की जितनी निंदा की जाए, वह कम है। कांग्रेस को मुस्लिम आरक्षण स्वीकार है, लेकिन आदिवासियों और अनुसूचित जाति समूहों, पिछड़ों को मिल रहा अधिकार उसे बर्दाश्त नहीं हो रही है।

चुनाव आयोग में शिकायत

भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के एक वीडियो से छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। इसके बाद धर्मगुरु बालदास साहेब, सांसद सुनील सोनी और विधायक मोतीलाल साहू ने इस मामले में कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई है और जनता को भ्रमित करने के लिए सफेद झूठ और ओछे हथकंडों का सहारा ले रही है। भारतीय जनता पार्टी और देश व प्रदेश की जनता-जनार्दन कांग्रेस की ऐसी हरकतें बिलकुल सहन नहीं करने वाली है और जनता इसका करारा जवाब देने तैयार है। भाजपा नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर यह मांग की कि इस मामले में गंभीरता से संज्ञान लेकर तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, तेलंगाना कांग्रेस के उत्तरदायी नेताओं, उसके आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स के संचालकों, इस फर्जी वीडियो को प्रसारित करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं, उपरोक्त वीडियो डिलीट करने वाले व्यक्ति तथा अन्य सभी संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण (एफआईआर) दर्ज कर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कूट-रचित वीडियो फेस-बुक, वाट्सएप तथा अन्य सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है तथा इससे संबंधित खबर प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा वेब-पोर्टलों के माध्यम से प्रसारित हो रही हैं। कांग्रेस द्वारा योजना बनाकर षड्यंत्रपूर्वक इस वीडियो को तेलंगाना से प्रसारित किया गया है ताकि यह पूरे देश में प्रसारित तो हो सके किन्तु तेलंगाना की राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेताओं का यह कायरतापूर्ण कृत्य भारतीय दंड संहिता तथा आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

किरण देव बोले

राहुल बताएं, कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान का कत्ल क्यों किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के दौरे पर अपना बयान देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान का कत्ल किया हो, चुनी हुई सरकारों को लगातार बर्खास्त किया हो, वह संविधान को हाथ में लेकर घूमने का नाटक कर रहे हैं। राहुल गांधी अब एक ऐसे शख्स हो चुके हैं, जो कुछ भी वास्तविक नहीं करते, केवल नाटक करते हैं। वे मंदिर जाते हैं तो वह नाटक होता है, संविधान को हाथ में लेते हैं तो वह नाटक होता है, राहुल गांधी ने देश के लोगों की भावनाओं से खेलने का काम लगातार किया है।

- राहुल गांधी अब केवल नाटक करते हैं

श्री देव ने कहा, आज राहुल गांधी को छत्तीसगढ़ आकर यह बताना चाहिए था कि आखिर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को एडिट करने और लोगों को भ्रमित करने की कायरतापूर्ण हरकत कांग्रेस ने क्यों की? राहुल गांधी को यह बताना चाहिए था कि उनका घोषणापत्र तुष्टिकरण पत्र क्यों है? क्यों उसमें आदिवासी, समाज पिछड़ा वर्ग के लोगों के हक छीनने की बात लिखी है? श्री देव ने कहा कि राहुल गांधी के बिलासपुर दौरे से छत्तीसगढ़ की सातों सीटों पर भाजपा को फायदा मिलेगा, क्योंकि राहुल गांधी की छवि एक पार्ट टाइम पॉलिटिशियन की है और देश के लोग उनकी तुष्टिकरण की नीति से घृणा करते हैं। झूठ-मूठ में जनेऊ पहनना, संविधान को हाथ में उठाने का नाटक करना और बार-बार सनातन धर्म को अपमानित करने वाले काम करना तथा कांग्रेस के सारे नेताओं और अपने गठबंधन के नेताओं से सनातन धर्म को अपमानित करने वाले बयान दिलवाने, साथ ही राम मंदिर का न्योता ठुकराने जैसे कई कदमों की वजह से छत्तीसगढ़ की जनता राहुल गांधी के प्रति आक्रोशित है एवं उनके आने से कांग्रेस को जो कुछ वोट मिलने वाले थे, उसमें भी कमी आएगी।

अभा पूर्व सैनिक संगठन की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा

रायपुर। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित निरंजन धर्मशाला में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन की दो दिवसीय बैठक हुई। इस बैठक में देशभर से प्रतिनिधि शामिल होने पहुंचे थे। बैठक में सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन आदि विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान कई प्रतिनिधियों ने पूर्व सैनिकों के परिवारों को जीवनयापन में हो रही दिक्कतों को लेकर भी अपनी बातें रखीं। इसके अलावा गरीब परिवारों को शासन से सहायता दिलाने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए ले. जनरल वीके चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अपने विचार रखे। बैठक के बाद छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य व गीत का भी आयोजन किया गया।

एवरग्रीन चौक पर व्हाइट टाइगर, गांधी सदन के सामने पहाड़ी मैना का आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के एवरग्रीन चौक पर व्हाइट टाइगर का स्टेचू देखकर लोग ठिठक रहे हैं। सफेद रंग का टाइगर कांच से बने कक्ष में दहाड़ने की मुद्रा में देख सकते हैं। इसका निर्माण नगर निगम जोन 4 ने बाहर के कारीगरों से कराया है।

हालांकि तेलीबांधा थाना के पास मेक इन इंडिया चौक पर वनराज शेर की प्रतिकृति आज भी शहरवासियों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इधर गांधी सदन के सामने वाले चौक में राज्य की राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की स्क्रेप से बनाई गई प्रतिकृति की भव्यता देने निगम मुख्यालय द्वारा नीले और सफेद रंग की सुंदर रोशनी की गई है। शहर की सुंदरता बढ़ाने नगर निगम चौराहों को नया स्वरूप देने में जुटा है। इसी कड़ी में जोन 4 क्षेत्र के एवरग्रीन चौक की खूबसूरती बढ़ाने व्हाइट टाइगर का स्टेचू हाल ही में लगाया गया है। यह देखने में सुंदर होने के साथ ही आकर्षक रोशनी के कारण इन दिनों चर्चा में है। वहीं गांधी सदन के सामने स्थित नए चौक में यंग इंडियन ग्रुप और हीरा समूह द्वारा राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की सुंदर आकृति लगाई गई है। तीन रंगों की रोशनी के बीच सांझ ढलते ही इस चौक की भव्यता देखने लायक रहती है।

महतारी वंदन में 75 प्रतिशत को नहीं मिली राशि-बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को दूसरी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। वोट लेने के लिये मुख्यमंत्री तीसरी किस्त की राशि के संबंध बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार बताए महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त कितने महिलाओं के खाते में डाला गया। जिन महिलाओं को पहली किस्त मिली थी उनमें से अधिकांश महिलाओं को अभी तक दूसरी किस्त नहीं मिली है। एक बयान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार पहली किस्त देने के बाद महिलाओं को दूसरी किस्त नहीं दे रही है। सरकार तीसरी किस्त देने का केवल बयानबाजी कर रही है। भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, जब लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा तब लोकसभा चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है।

नितिन नवीन हर लोकसभा में जाकर बनाएंगे चुनावी रणनीति

पहले दिन कोरबा में बैठक लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन प्रदेश के दौरे पर पहुंचे हैं। अब वे यहां पर तीसरे चरण का चुनाव प्रचार थमने तक रहेंगे और बची सात लोकसभा सीटों को लेकर हर लोकसभा में जाकर वहां पर भाजपा की स्थिति की जानकारी लेंगे और चुनावी रणनीति बनाएंगे। यहां आने के बाद जहां उन्होंने पहले सोशल मीडिया और भाजपा मीडिया सेल की बैठक ली, वहीं पहले दिन कोरबा जाकर वहां पर लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी जानकारी ली और रणनीति पर मंथन किया। यहां होने वाली केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा को लेकर तैयारियों को भी देखा है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें इस बार जीतने की रणनीति पर काम कर रहा है। यही वजह है कि भाजपा ने इसको लेकर पूरी ताकत झोंकने का काम किया है। भाजपा ने एक तरफ लगातार राष्ट्रीय नेताओं की सभाओं की रणनीति बनाई है तो दूसरी तरफ संगठन के जरिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जीत के लिए काम किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेता यहां लगातार रणनीति भी बनाने का काम कर रहे हैं। पहले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने प्रदेश संगठन को यहां पर रात को रूककर बैठक लेकर जीत का मंत्र दिया, इसके बाद राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश दो दिनों तक रूककर बैठकें लेकर लौटे हैं। अब प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नवीन पहुंचे हैं।

लगातार होंगी बैठकें

नितिन नवीन यहां पर उन सात लोकसभाओं में बैठकें करेंगे जहां पर तीसरे चरण में चुनाव होना है। इन सीटों पर जीत की रणनीति बनाने का काम होगा। इसी के साथ राष्ट्रीय संगठन ने किस लोकसभा के लिए क्या तय किया है, उसकी भी पूरी जानकारी पदाधिकारियों को दी जाएगी। सोमवार को श्री नितिन ने कोरबा जाकर वहां पर बैठक लेने का काम किया है। इसी के साथ एक मई को कोरबा में होने वाली केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभा की तैयारियों की भी जानकारी ली है।

जिले में सालाना बचेगा 24 लाख से ज्यादा किराया, मिलेगी बेहतर सुविधा

250 विद्यार्थियों को आदिम जाति विभाग नए सत्र से देगा सर्व सुविधायुक्त पांच छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले में नए शिक्षा सत्र से आदिम जाति कल्याण विभाग 250 छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा व सुरक्षा से लैस 5 नए छात्रावास की सुविधा देने वाला है। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग लोकेशन में छात्रावासों का निर्माण एजेंसी से पूरा करवाया है। इनमें रहने-खाने के साथ ही सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। नए छात्रावासों में गाइडलाइन के तहत सुविधा मिलेगी। इससे पहले सालाना 24 लाख किराया देने के बाद भी पर्याप्त सुविधा नहीं मिलती थी।

राजधानी में किराए के भवनों में संचालित 13 में से पांच छात्रावासों को जल्द ही नई बिल्डिंग मिलने वाली है।

जिले में आरंग, मंदिरहसौद व कोसरंगी में सर्व सुविधायुक्त छात्रावास बनकर तैयार है। लोकसभा की चुनावी आचार संहिता के चलते जून में उद्घाटन की तैयारी है। इसे बनाने के लिए सरकार ने 2021-22 में सात करोड़ 84 लाख 43 हजार की मंजूरी दी थी। इसके बाद विभाग ने सर्व सुविधायुक्त छात्रावासों को बनाने के लिए एजेंसी को जिम्मेदारी दी। अब विभाग ने अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए बनकर तैयार नई बिल्डिंग में किराए के भवनों में चलने वाले छात्रावासों को शिफ्ट करने की तैयारी है। इसके पहले छात्रावासों में मेंटेनेंस सहित कई तरह की शिकायतें हमेशा बनी रहती थी।

पढ़ाई के लिए आते हैं विद्यार्थी

एजूकेशन हब के रूप में रायपुर ने स्थान बना लिया है। इसे देखते हुए विभिन्न जिले से आदिवासी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए आते हैं। इनको सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत पढ़ाई के साथ आवास की सुविधा देती है। यह जिम्मेदारी आदिम जाति कल्याण विभाग की है, जो विभिन्न जिलों से मिलने वाले आवेदन के आधार पर विद्यार्थियों को रहने और पढ़ने की सुविधा देता है। इसके लिए विभाग द्वारा 58 छात्रावासों का संचालन किया जाता है। इनमें 13 छात्रावास सुविधा के अभाव में किराए के भवनों में संचालित हैं।

छात्रावासों में मिलेगी यह सुविधा

जिले में बनकर तैयार 5 बिल्डिंगों में से चार में कन्या छात्रावासों का संचालन होगा। वहीं एक छात्रावास छात्रों के लिए बनवाया गया है। प्रत्येक में 10-10 कमरे होंगे और इनमें 50-50 छात्र-छात्राओं को रहने के अलावा खाना पकाने के लिए किचन, खाना खाने के लिए हॉल, पार्किंग के साथ टॉयलेट की सुविधा भी मिलेगी। इन छात्रावासों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे, ताकि उनको किसी भी अनहोनी की स्थिति से बचाया जा सके। अधिकारी छात्रावासों की हर महीने जांच भी करेंगे।

बिल्डिंग बनकर तैयार, जल्द शुरु करेंगे

छात्रावासों का निर्माण पूरा हो चुका है। जून में इनके उद्घाटन की तैयारी है। इसके बाद किराए के भवनों में संचालित 13 में से 5 छात्रावासों की नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग की जाएगी। इनमें हर तरह की सुविधा देने का प्रयास किया गया है।

- विजय सिंह कंवर,
सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग,

मई दिवस पर रैली-झंडारोहण, सभा पर न लगे कोई रोक

रायपुर। मजदूरों के अंतर्राष्ट्रीय पर्व 1 मई को मजदूरों के द्वारा झंडारोहण, रैली, सभा आदि परंपरागत रूप से आयोजित की जाती है, किंतु प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर इन कार्यक्रमों की सूचना तक लेने से जिला प्रशासन द्वारा इनकार किए जाने और इसकी अनुमति न देने का कड़ा विरोध करते हुए सीटू ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा और इस पर सभी जिलों को उचित निर्देश का आग्रह किया। सीटू के राज्य सचिव धर्मराज महापात्र, संयुक्त ट्रेड यूनियन कौंसिल के अध्यक्ष वीएस बघेल, कोषाध्यक्ष अतुल देशमुख, वासुदेव शुक्ला ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अनुपस्थिति में यूसी अग्रवाल को यह ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इसके पूर्व भी चुनाव के दौरान मई दिवस मनाए गए हैं, इसलिए ऐसी कोई रोक नहीं होनी चहिए ।

भैरव सोसाइटी में सुधर्म धार्मिक शिक्षण शिविर 2 से

रायपुर। श्री सुधर्म स्थानकवासी जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में सुधर्म परिवार द्वारा धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुधर्म जैन विहार भैरव सोसायटी में 2 से 8 मई तक लगाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा, सचिव उत्तम गोलछा, नवयुवक मंडल के संरक्षक अजय जैन व अध्यक्ष जयेश बोहरा, महिला मंडल अध्यक्षा ने जानकारी दी।

निधन

सरस्वती देवी अग्रवाल

रायपुर। बजरंग भवन नयापारा निवासी सरस्वती देवी अग्रवाल का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे श्रीलाल अग्रवाल की पत्नी और दिनेश कुमार अग्रवाल की माता थीं।

ब्यास नारायण कश्यप

रायपुर। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कचना निवासी ब्यास नारायण कश्यप का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम कनसदा, थाना शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा में किया गया। वे रजनी कश्यप के पति और ललिता प्रसाद कश्यप के बेटे थे।

मोतीलाल सेन

रायपुर। मठपुरैना निवासी मोतीलाल सेन (डोमा वाले) का 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे गेंदलाल सेन के पुत्र और बबला सेन के भाई व मनीष सेन के पिता थे।

गोपालदास तलरेजा

रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर निवासी गोपालदास तलरेजा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 अप्रैल को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अमित तलरेजा के पिता और श्रवण तलरेजा के भाई थे।

शहर में 3.50 लाख डस्टबिन वितरण की योजना 8 माह से लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में नगर निगम द्वारा 3.50 लाख डस्टबिन वितरण की योजना 8 माह से लंबित है। शासन स्तर पर इसके लिए नगर निगम को 10 लाख रुपये की मंजूरी पहले भी मिल चुकी है, इसके बाद भी निगम प्रशासन ने डस्टबिन खरीदने में तत्परता नहीं दिखाई। इससे डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के दौरान गीला और सूखा कचरा एक साथ देने लोग विवश हैं। केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान गीले और सूखा कचरा के सेग्रीगेशन मामले में निर्धारित मापदंड में केन्द्रीय टीम ने शहर की माइनस मार्किंग भी की। इसके बाद भी निगम प्रशासन अब तक चेत नहीं पाया। शहर में गीला और सूखा कचरा को घरों से अलग-अलग रंग के डस्टबिन में कलेक्ट करने की योजना हवा-हवाई साबित हो रही है। ज्यादातर घरों में नगर निगम प्रशासन लोगों को हरे और नीले रंग के डस्टबिन उपलब्ध नही करा पाया, इसके चलते लोग अपने घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को ही डिब्बे में रखकर सफाई मित्र को दे रहे हैं। निगम स्तर पर इसकी मानिटरिंग न तो जेडएचओ कर रहे हैं, और न ही मुख्यालय स्तर पर इसकी निगरानी का सिस्टम बना पाये। इससे कचरों की छटाई का काम प्राथमिक स्तर पर प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नगर निगम आयुक्त ने सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता दीदियों को घूम-घूमकर इसकी मानिटरिंग करने में लगाया गया है। जबकि बिना डस्टबिन वितरण के यह कार्य किस तरह संपादित होगा इसकी चिंता निगम प्रशासन नहीं कर रहा।

10 लाख रुपये की स्वीकृति के बाद भी निगम प्रशासन उदासीन

सामान्य सभा में गूंजा था कचरा सेग्रीग्रेशन मामला

नगर निगम की सामान्य सभा में गीले और सूखा कचरे की छटाई में कोताही को लेकर विपक्ष ने शहरी सरकार की खिंचाई करते दस जोनों में डस्टबिन की कमी को इसका प्रमुख कारण बताया। उस समय सदन से नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने सदन को आश्वस्त कराया था कि शहर के लिए 3.50 लाख डस्टबिन खरीदे जायेंगे।

- ज्यादातर घरों में गीला और सूखा कचरा एक साथ देने शहरवासी विवश
- केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में कट गये थे अंक

निगम आयुक्त और महापौर ध्यान नहीं दे रहे - नागभूषण राव

रायपुर शहर के लिए 3.50 लाख डस्टबिन खरीदने मैंने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा और महापौर एजाज ढेबर को एक नहीं कई बार ध्यान आकर्षित कराया। पर दोनों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। नये डस्टबिन खरीदने 10 लाख रुपये की स्वीकृति शासन स्तर पर पहले ही मिल चुकी है। अब लोकसभा चुनाव के बाद नये डस्टबिन की खरीदी कर वार्ड पार्षदों के माध्यम से शहर की जनता को इसका वितरण कराया जायेगा, ताकि लोगों को अपने घरों का कचरा अलग-अलग रंग के डस्टबिन में रखकर सफाई मित्रों को देने में आसानी हो।

रीटेंडर के बाद दूसरे ठेकेदार से करा रहे काम

सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर का काम सुस्त प्लिंथ लेवल के बाद कालम का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सोनडोंगरी में प्रदेश के पहला डॉग शेल्टर बनाने का काम अगस्त तक पूरा होगा। 2 चरण में डेढ़ करोड़ खर्च शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से निजात दिलाने और दुघर्टनाग्रस्त तथा बीमार कुत्तों की देखरेख और उपचार के लिए यहां वेटनरी हास्पिटल बनेगा। इसमें नगर निगम से अनुबंधित 2 पशु चिकित्सक नियमित रूप से अपनी सेवाएं देंगे। डॉग शेल्टर में शुरुआत में 500 स्ट्रीट डॉग को डॉग शेल्टर में रखकर उनकी देखभाल, इलाज और भोजन की व्यवस्था स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से पीपीपी मोड पर किया जायेगा, जबकि कुत्तों की सर्जरी और मानिटरिंग डॉग शेल्टर में मौजूद वेटनरी डॉक्टर के माध्यम से होगी। दरअसल, 1 साल पहले शहर से लगे सोनडोंगरी में 2 एकड़ जमीन पर नगरनिगम द्वारा स्ट्रीट डाग की देखरेख, नियमित सर्जरी और बीमार तथा दुर्घटना ग्रस्त कुत्तों के उपचार और भोजन की व्यवस्था करने डॉग शेल्टर प्रोजेक्ट पर जोन 8 के माध्यम से काम शुरू हुआ। र निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी होने से प्रथम चरण का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। अनुबंधित ठेकेदार को स्पॉट पर ब्राउंड्रीवाल, कुत्तों के रखने के लिए शेड और उनके उपचार के लिए वेटनरी हास्पीटल का निर्माण, पानी की व्यवस्था, ओटी कक्ष का निर्माण सहित अन्य तरह के कार्य पूरा करना था। प्रथम चरण में 48 लाख का काम ठेकेदार को करना था। पर अनुबंधित ठेकेदार द्वारा 7 लाख का काम पूरा करने के बाद काम में रूचि नहीं दिखाने के कारण निगम ने ठेकेदार का अनुबंधित निरस्त कर सुरक्षा निधि राजसात कर रीटेंडर किया।

- बोरवेल खनन के बाद लेबर क्वार्टर बना रहे

शहर में एक अरसे से नहीं हुई कुत्तों की गणना

पिछले कई साल से शहर भर में कुत्तों की संख्या को लेकर कोई गणना संबंधित विभाग द्वारा नहीं कराई गई। इसके कारण नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के पास इनके वास्तविक आंकड़ें मौजूद नहीं है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर भर में 10 हजार से स्ट्रीट डॉग हैं, जिसमें से कुछ आक्रामक और कुछ बीमार किस्म के स्ट्रीट डॉग हैं। नगरनिगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉग शेल्टर शुरू होने पर शुरूआत में 500 कुत्तों को रखने की व्यवस्था बनाई जा रही है, जबकि 9 हजार से अधिक स्ट्रीट डॉग सड़क पर ऐसे ही झुंड में मंडराते नजर आयेंगे।

प्रथम चरण के कार्य के रूप में अभी तक स्पॉट पर केवल प्लीन्थ लेवल का काम और बोरवेल खनन हो पया है। रीटेंडर के बाद नए ठेकेदार को मार्च माह में बकाया कार्य के लिए वर्कआर्डर जारी हुआ। नए ठेकेदार द्वारा वर्तमान में कालम निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। इसके साथ ही निर्माण स्थल लेबर क्वार्टर बनाने का काम किया जा रहा है। भवन निर्माण सामग्री गिराने के बाद बकाया काम को अगस्त -सितम्बर तक पूरा करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निर्देशित कर समय सीमा तय की है।

बदमाश हुए बेलगाम, रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर मोबाइल लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। तीन दिन पूर्व डीकेएस अस्पताल परिसर में एंबुलेंस कर्मचारी के साथ दिन दहाड़े चाकू की नोक पर मारपीट कर पांच हजार रुपए लूट तथा हर सप्ताह दो हजार रुपए फिरौती मांगने की घटना के बाद रविवार देर रात गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। डीकेएस अस्पताल परिसर में लूट के आरोप में पुलिस ने सुनील मंडोतिया को गिरफ्तार किया है। गुढ़ियारी थाना में डीआरएम आफिस के पीआरओ सेक्शन में एमटीएस के पद पर कार्यरत हार्दिक दास ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर लूट की शिकायत दर्ज कराई है। हार्दिक ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को रात वह ड्यूटी समाप्त कर अपने घर पहुंचने के बाद दरवाजे का ताला खोल रहा था, इसी दौरान अज्ञात बदमाश हार्दिक के पास पहुंचे और उसके साथ मारपीट करते हुए जेब में रखा मोबाइल लूटकर फरार हो गए। मारपीट की घटना में हार्दिक के मुंह में चोटें आई हैं। गुढ़ियारी टीआई के मुताबिक रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों की पतासाजी की जा रही है, टीआई के मुताबिक कुछ बदमाशों की पहचान की गई है, उनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

- शिकायत के आधार पर पुलिस बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही
- घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र स्थित रेलवे कालोनी की

महिला से रेप के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति की महिला के साथ मारपीट कर रेप करने के आरोपी को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्या या धी श एट्रोसिटीज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक महिला से रेप के आरोप में कोर्ट ने रोशन लाल वर्मा को कैद की सजा सुनाई है। रोशन के खिलाफ महिला ने 29 दिसंबर 2022 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक रोशन लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराने के चार-पांच माह पूर्व से रेप की घटना को अंजाम दे रहा था। महिला ने कोर्ट को बताया है कि वह एक बोरा बनाने वाली कंपनी में साफ सफाई का काम करता था। रोशन लाल महिला को उसके बच्चे तथा पति को जान से मारने की धमकी देकर रेप करने के साथ मारपीट करने की घटना को अंजाम देता था। बार-बार रेप किए जाने की घटना से तंग आकर महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद महिला के पति ने रोशन लाल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।

- दो वर्ष पूर्व मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की घटना

भारत विकास परिषद की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

रायपुर। जोरा रायपुर स्थित पंजाब केसरी भवन में सोमवार को भारत विकास परिषद रायपुर मुख्य इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश तिवारी ने मुरारी काबरा को अध्यक्ष, जगदीश्वर शरण गोयल को उपाध्यक्ष, पवन गौड़ को सचिव, ललित गोलानी को कोषाध्यक्ष व 10 अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को विभिन्न प्रकल्पों के संयोजक के रूप में उनके दायित्वों और भारत भूमि व भारत विकास परिषद के प्रति सत्यनिष्ठ समर्पण की शपथ दिलाकर दायित्व ग्रहण की विधि संपन्न करवाई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सौमेन गांगुली, शशांक शुक्ल, विनीता शुक्ल व चौधरी शिव नारायण सिंह, राष्ट्रीय समिति के सदस्य पुरुषोत्तम अग्रवाल व प्रांत संस्कार प्रमुख संजय द्विवेदी भी उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष

वोटर बढ़ गए इतने....

क्षेत्रों में 763 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

934 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग

विधानसभा चुनाव 2023 की तरह लोकसभा चुनाव में भी मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में जिले में 934 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग किया जाएगा।

मौसम शुष्क होते ही...

बढ़ती गर्मी महसूस होगी, इसके बाद मामूली उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। मई के पहले सप्ताह में गर्मी महसूस होगी, इसके बाद पुनः मौसमी बदलाव होने की संभावना बन सकती है। सोमवार को डोंगरगढ़ का तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और अन्य प्रमुख शहरों का तापमान 39 से 42 डिग्री के बीच रिकार्ड किया गया।

स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त...

थालियों व झिल्लियों का उपयोग यात्रियों को खाना देने के रूप में हो रहा है। जांच और कार्रवाई नहीं होने से स्टेशन को प्लास्टिक मुक्त करने का सिस्टम फेल हो चुका है। स्टेशनों से कूड़ेदान हो रहे चोरीः मंडल के छोटे स्टेशनों में रेलवे ने कूड़ेदान की व्यवस्था की थी, जो कई जगहों से चोरी हो चुके हैं। सरस्वती नगर स्टेशन में कूड़ादान नहीं है। अब यहां यात्री स्टेशन में ही कचरा फेक रहे हैं, जिसकी सफाई भी नियमित नहीं हो रही। यही स्थिति डब्लूआरएस स्टेशन में है। इन स्टेशनों में रेलवे के कर्मचारी रात में नहीं होते हैं, जिस कारण कूड़ेदान चोरी होने की शिकायत है।

चुनाव के साथ छुट्टी...

एयरपोर्ट के जरिए 49 हजार 370 यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया। इसमें 24415 यात्री विभिन्न शहरों से रायपुर पहुंचे, वहीं 24995 यात्री एयरपोर्ट से संचालित होने वाली फ्लाइट के माध्यम से दूसरे शहरों के लिए रवाना हुए। आंकड़ों के अनुसार रायपुर एयरपोर्ट में सबसे अधिक सरगर्मी 24 अप्रैल को रही। इस दिन 3848 रायपुर पहुंचे और 3886 यात्री रवाना हुए। इस सप्ताह रायपुर में विभिन्न शहरों के लिए एयरक्रॉफ्ट ने 167 फेरे लगाए।

आकाशवाणी के सहायक निदेशक फाए को दी विदाई

रायपुर। आकाशवाणी रायपुर के सहायक निदेशक कार्यक्रम राजेश फाए को इसी पद पर हाल ही में सूचना प्रसारण मंत्रालय ने पदोन्नत किया गया। आज वे सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में उन्होंने अपने सहकर्मियों और अधिनस्थों के साथ आकाशवाणी में बिताए अपने यादगार सफर को याद करते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन एक स्थानीय होटल में किया। इसमें श्री फाए के परिजनों सहित उनके घनिष्ठ मित्र भी शामिल हुए। श्री फाए ने आकाशवाणी रायपुर में अपना सफर कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में शुरू किया और सहायक निदेशक कार्यक्रम के पद पर आसीन होते हुए 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यकाल के दौरान उनका आकाशवाणी के अधिकारियों, नियमित और असाइनी उद्घोषकों के बीच बेहतर तालमेल रहा।

// आम सूचना //

(मौजा लालपुर प.ह.न. 00012 रा.नि.मं रायपुर- 16 सारागांव तह.-धरसींवा, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 228/1 रकबा 1.9220 हे. के सम्बंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री यशवंत सिन्हा पिता श्री रामाश्रय प्रसाद सिन्हा दवारा उपरोक्त वर्णित भूमि के भूमिस्वामी विक्रेतागण क्रमशः (1) श्री दीपक कुमार साहू पिता श्री सेवकराम साहू (2) मीना साहू पिता श्री सेवकराम साहू, (3) श्रीमती रामकुंवर साहू पिता श्री सेवकराम साहू (4) दान कुंवर साहू उर्फ टेटकी साहू पिता-सुखराम साहू (5) श्रीमती बैसाखिन साहू पिता-सुखराम साहू (6) श्रीमती चन्दासाहू पिता सेवकराम साहू सभी निवासी -लालपुर तह. धरसीवा जिला रायपुर से उनकी भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 228/1 रकबा 1.9220 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर विक्रय इकरारनामा दिनांक 7/4/2022 को निष्पादित किया जा चुका है एवं बयाना राशि विक्रेतागण प्राप्त कर चुके हैं। शेष राशि विक्रय निष्पादन के समय दिया जाना तय हुआ है । अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक बीमा वित्तीय संस्था निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, निजी संस्था, आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगत मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ती या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और शून्य माना जाएगा । मेरा पक्षकार अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित करवा लेगा । सो सूचना जानें।

दिनांक 29/4/2024

ए.आर.खान अधिवक्ता
बजरंग टावर द्वितीय तल, मेन रोड पंडरी
रायपुर छ.ग. मो.न. 8827382316

आम सूचना

वाके मौजा - कोटा-3, प.ह.नं. 00051, रा.नि.मं.- रायपुर - 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नंबर 15002/4 का भाग, रकबा 1053 वर्गफुट भूमि के संबंध में ।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रदीप सिंह पिता श्री सुभाष सिंह, निवासी-धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता राजीव कुमार गुप्ता, पिता श्री किशोरी लाल गुप्ता, निवासी- गीता नगर, अनुराधा अपार्टमेंट के पीछे, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के आधिपत्य व स्वामित्व की परिवर्तित भूमि वाके मौजा– कोटा - 3, प.ह.नं. 00051, रा.नि.मं.- रायपुर- 1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नंबर 15002/4 का भाग, रकबा 1053 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 29.04.2024

अजय मिश्रा (अधिवक्ता)
पता- गणपत चौक, हीरापुर, रायपुर (छ.ग.)
Mob. : 9575698096, 94252 08960

आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि विक्रेतागण 01 उमेदी, पति- श्री मानु, 02 चमरू, पिता-रामचरण, 03 मेहत्तर, पिता- देवसिंह, 04 रामजी, 05 परमानंद, 06 मारखण्डे, 07 बेनीराम, सभी पिता- झनक, 08 बोधीराम, पिता- कोंदा, 09 बाबूलाल, 10 छेदीलाल, सभी पिता - मंगलू, 11 मनराखन, 12 जिवराखन, दोनो पिता-झंगलू, 13 रामखिलावन, 14 नकूल, 15 गणेश, तीनो पिता-अमर सिंह, 16 रूखमणी, प्रेमा, 17 हीरा सिंह, पिता- जलील, 18 हीरालाल, पिता- सुखलाल, 19 गोपेन्द्र, पिता- मेहत्तर, 20 नोहर पिता- हीरावन, सभी निवासी- ग्राम- बेरला, तहसील धमधा, जिला दुर्ग, छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की मौजा /ग्राम- अकोला, प.ह.नं. 39, रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग, छ.ग. स्थित खसरा नं. 1207, 1208, रकबा 0.57 हे., 0.47 हे. भूमि है। जिसे हमारे पक्षकारगण श्री विजय कुमार सारडा, पिता- श्री हीरालाल सारड़ा, निवासी-स्टेशन रोड़, रायपुर, छ.ग. के साथ विक्रय करने का पक्का सौदा तय करते हुये, संपूर्ण प्रतिफल की राशि अदा कर दिनांक 25.11.1994 को विक्रय इकरारनामा निष्पादित करते हुये उपरोक्त भूमि का भौतिक आधिपत्य अर्थात कब्जा प्रदान कर दिया है अब मात्र विक्रय पंजीयन किया जाना शेष है हमारे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि विक्रेतागण उक्त इकरारशुदा भूमि को किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है।

अतः इस आम सूचना के प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के सदर्भ में किसी भी प्रकार का संव्यवहार ना करें। यदि विक्रेतागण के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो इसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

"सो सूचना जाने"

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 29.04.2024 भवदीय

ऐ. के. दुबे, डी. पी. तिवारी, श्रीमती मीना सैनी अधिवक्ता
पता-शिव मंदिर गली. मौदहापारा, रायपुर (छ.ग.) मो. नं. - 9111991452

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 19/04/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनपत पिता तकुवा कुम्हार निवासी ग्राम उरला द्वारा आवेदित ग्राम उरला प.ह.नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 (रावांभाठा) स्थित भूमि खसरा नंबर 478/3, 479/4, 480/3 रकबा 0.1210 हे., 0.0090 हे., 0.0610 हे. हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र..... / अ- 12 /वर्ष 2023-24 धरसींवा के आदेश दिनांक 06/02/2024 के परिपालन में दिनांक 03.05.2024 को समय 1:00 बजे पश्चात किया जाना है । अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 29 के उरला स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या जानें । आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-21 (रावांभाठा)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 19/04/2024

.....0000.....

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार साहू पिता दुखित राम साहू निवासी उरला द्वारा आवेदित ग्राम उरला प.ह.नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 (रावांभाठा) स्थित भूमि खसरा नंबर 479/3 रकबा 0.0090 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के रा.प्र.क्र./अ-12/वर्ष 2023-2024 के आदेश दिनांक 07/02/2024 के परिपालन में दिनांक 03/05/2024 को समय 1.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नंबर 29 के उरला स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-21 (रावांभाठा)

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉन्सिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility
- Monthly Seminar & Discussion
- Personal attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
- Extra curricular activities
- Personal attention to each student Limited student in each class
- Music, Dance, personality development classes
- Yoga
- Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com

Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
EICHER PARTNERING PROSPERITY
- RELIABLE AND STRONG
- NEXT GEN FEATURES
- BENCHMARK OF SAFETY
- COMFORT & CONVENIENCE
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR
Contact to Add Your School - 79871-19756

खबर संक्षेप

शिवा बने सेंट्रल बैंक कर्मचारी यूनियन के महासचिव

रायपुर। सेंट्रल बैंक एम्प्लाइज यूनियन छत्तीसगढ़ यूनिट द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित एक होटल में रविवार को जनरल बॉडी मीटिंग रखी गई। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ के चुनाव संपन्न कराए गए, जिसमें भिलाई से तपन नाग को अध्यक्ष, रायपुर से वाय. शिवा को प्रदेश महासचिव, दुर्ग से गिरिराज सिंह को उप महासचिव, वी. लक्ष्मण राव को कोषाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा को रायपुर क्षेत्रीय सचिव, सुभाष जेराई को अंबिकापुर क्षेत्रीय सचिव, कौन्तेय गर्ग, चंदन कुमार, रूपकुमार सेन व गणेश जंघेल को संगठन सचिव का दायित्व दिया गया, महिला विंग का प्रभार अर्चना सिंह व सुजाता तिग्गा को दिया गया।

बुजुर्ग महिला, ई-रिक्शा चालक घायल, भेजा अस्पताल

रायपुर। राजधानी रायपुर में सोमवार को राजभवन के गेट नंबर-1 के सामने दोपहर लगभग 2.30 से 3 बजे के बीच एक ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई, जिसमें सवार जानकी यादव एक बुजुर्ग महिला और वाहन चालक विदुर महानंद को गंभीर रूप से चोटें आईं। घटना स्थल में भीड़ लगी हुई थी, तभी वहां से गुजर रहे अधिवक्ता भगवानू नायक एवं भाजपा नेता प्रदीप साहू ने अपनी कार रोकी और तत्काल घटनास्थल पहुंचे। उसके बाद डॉयल 112 को सूचना देकर तुरंत एंबुलेंस मंगाई और दोनों घायलों को एंबुलेंस में डालकर आंबेडकर चिकित्सालय के लिए रवाना किया।

अध्यक्ष बने रवि, उपाध्यक्ष सिद्धांत, ली शपथ

रायपुर। जेल रोड स्थित वैनिंगटन कोर्ट में सोमवार को इश्रे रायपुर सब चैप्टर का स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में नवनियुक्त नेतृत्व टीम के अध्यक्ष रवि जग्गी, उपाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा, सचिव इंद्रजीत पटेल और कोषाध्यक्ष दिलीप महोबे ने शपथ ली। इस अवसर पर पिछले वर्ष अध्यक्ष पद पर सेवाएं देने वाले केके वर्मा ने अपने कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनके नेतृत्व में यह परिवर्तन संगठन के अंदर निरंतरता और प्रगति का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केके मित्रा, पूर्वी क्षेत्र के निदेशक थे, जिन्होंने मूल्यवान विचार साझा किए और नए नेतृत्व दल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

उत्कलवासियों ने मनाई मधुसूदन दास की जयंती

रायपुर। मधुसूदन दास फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्कल गौरव मधुसूदन दास की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम बैरनबाजार स्थित मधुसूदन दास प्रतिमा स्थल पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि 'मधु बाबू' ने उड़िया समाज को भाषाई आजादी दिलाई एवं महात्मा गांधी ने मधुसूदन दास को सच्चा देशभक्त बताया। 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा राज्य के गठन में मधुसूदन दास का विशेष योगदान बताया, मधुसुदन दासजी ने सर्वप्रथम पहले उड़ीसा राज्य की कल्पना की थी। इस संबंध में उनके जीवन परिचय का प्रकाशन कर सभी लोगों को वितरित किया गया। साथ ही बूंदी-सेव का प्रसाद वितरित किया गया।

एक साल में ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली डेढ़ लाख महिलाओं की रेलवे ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेन में अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की मदद करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष अभियान मेरी सहेली चलाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल 2023 से लेकर मार्च 2024 तक अकेले रायपुर मंडल में ही 7945 ट्रेनों में 70790 महिलाओं की मदद की गई। सफर के दौरान इन्हें पानी से लेकर मेडिकल सहायता तक पहुंचाई गई। जोन के तीनों मंडलों में से रायपुर में सबसे ज्यादा महिलाओं तक टीम पहुंची है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है। रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल हैं। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान के तहत केवल रायपुर मंडल में 70 हजार यात्रियों तक पहुंची टीम

हर दिन 14 हजार महिलाओं तक पहुंच रही मदद

मेरी सहेली' टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित मेरी सहेली टीमों को देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं।

मदद करने दूसरे जोन से दपूमरे आगे

भारतीय रेलवे में आरपीएफ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 ऐसे मामलों में सहायता प्रदान की है। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 19794 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 51 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को "मेरी सहेली" की टीम ने सहायता पहुंचाई। इसमें बिलासपुर रेल मंडल में 7040 ट्रेनों में 67911 महिला यात्री, रायपुर रेल मंडल में 7945 ट्रेनों में 70790 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मंडल 4809 ट्रेनों में 13278 महिला यात्री शामिल हैं।

सड्डू क्षेत्र में पानी निकासी को दलदल सिवनी नाले से जोड़ने प्लानिंग का ऐसा हाल

सड़क पर फैला सीवरेज का पानी

विवाद सुलझाए बिना तय की एजेंसी 8 महीने से रुका नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सड्डू इलाके में रिहायशी कॉलोनियों का जाल बिछ रहा है। इस क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा परिवार विगत 8 महीने से सीवरेज की गंदगी से त्रस्त हैं। वहीं निगम व जोन के जिम्मेदारों ने 400 मिटर लंबी और करीब एक मीटर चौड़ी नाली बनवाने के लिए फंड मिलने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं किया हैं, जबकि इसके लिए निर्माण एजेंसी भी तय है। ऐसे हालात इसलिए बने, चूंकि निगम प्रशासन ने जगह खाली करवाने और अवैध कब्जे से जुड़े विवाद सुलझाने में ही विलंब कर दिया।

राजधानी के आउटर इलाके में लोग शोर-शराबे से बचने के लिए मकान बनवा रहे हैं। सड्डू बाजार क्षेत्र से होते हुए दलदल सिवनी नाले के बीच तीन बड़ी कॉलोनियां हैं। इनके गेट के सामने वनवे सड़क पर विगत 8 महीने से सीवेज ओवरफ्लो होने से पहुंच रहा है। इसको लेकर डॉ. एके लाल ने बताया कि 8 महीने पहले मामले को लेकर निगम व जोन कार्यालय के जिम्मेदारों को जानकारी दी गई। आस-पास की कई कॉलोनियों में रहने वाले प्रदीप मिश्रा, एस. लाहोटी और रवि किशोर ने मामले में लिखित शिकायत भी किया। इसके बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकला। अभी तक नाली निर्माण के लिए तय जगह से अवैध कब्जा ही जिम्मेदार हटवा पाए हैं। निर्माण एजेंसी भी विवाद के चलते काम शुरू नहीं किया है।

मौके पर ऐसे हैं हालात

मौके पर पाया गया कि बसाहट के बीच नई कॉलोनियों के आसपास अधूरी नाली है। सड़क के दूसरे छोर पर कच्ची नाली है। इसमें गंदगी का आलम है। पानी निकासी के लिए कच्ची नाली भी कई जगह बाधित है। इसी तरह की स्थिति कॉलोनी से पानी निकासी के लिए बनाई गई नाली की है। कई जगह से टूट-फूट व सफाई नहीं होने से जाम के चलते सीवेज ओवरफ्लो होने पर आने-जाने के लिए बनवाई गई सड़क पर फैला है। इससे उठती दुर्गंध और गंदे पानी से होकर लोग आने-जाने मजबूर हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी की जा रही है।

यह है समस्या की वजह

सूत्रों ने बताया कि सड्डू बाजार क्षेत्र में बसे तीन हजार से ज्यादा परिवारों को सीवरेज लाइन की सुविधा देने के लिए 90 लाख से ज्यादा का फंड स्वीकृत हुआ। इसके बाद एजेंसी तय करने की प्रक्रिया हुई। काम शुरू करवाने पर अवैध कब्जाधारी लोगों ने आपत्ति लगाई। इसके चलते एजेंसी ने भी काम शुरू नहीं किया। बताया जाता है कि शासन-प्रशासन की पहल से विवाद सुलझ गया है। अधिकारी-कर्मचारी भी चुनावी ड्यूटी में हैं, इसलिए लोगों को मिलने वाली सुविधा बाधित है। मामले का स्थाई समाधान नहीं होने से बारिश में समस्या बढ़ेगी।

जल्द शुरू करवाएंगे काम

मामले को लेकर मुझे भी लोगों से शिकायत मिली है। मौके पर जोन की टीम को भी भेजने निर्देश दिया है। जल्द ही एजेंसी से काम शुरु करवाया जाएगा, क्योंकि विवाद से जुड़े पेच सुलझाए गए हैं।

- **विनोद कुमार पांडेय**
अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

ऑनलाइन होगा फार्मेसी काउंसिल का दफ्तर, फार्मासिस्टों को चक्कर से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पंजीयन और रिनीवल के लिए तीन से चार बार आना पड़ता है फार्मेसी कार्यालय

फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए दफ्तर के तीन से चार बार चक्कर लगाने से आने वाले दिनों में मुक्ति मिल जाएगी। कार्यालय का काम ऑनलाइन करने की प्रक्रिया अगले दो-तीन माह में पूरा करने की तैयारी की जा रही है। पंजीयन के साथ रिनीवल का काम मैनुअली होने की वजह से दूरवर्ती जिलों के फार्मासिस्टों को कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। फार्मेसी काउंसिल का काम अभी मैनुअली तरीके से होता है, जिसकी वजह से फार्मासिस्टों को अपने कामों के लिए यहां का कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। ज्यादा परेशानी दूरवर्ती जिलों से आने वाले फार्मासिस्टों को होती है, इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिल के पंजीयन, रिनीवल से संबंधित कार्यों को ऑनलाइन करने की योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। अनुमान है कि आचार संहिता का काम पूरा होने के बाद इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद नए पंजीयन के दौरान एक बार संबंधित शख्स को कार्यालय आना होगा, फिर सारा काम ऑनलाइन तरीके से पूरा कर लिया जाएगा।

फार्मेसी काउंसिल के अभी 24 हजार से अधिक सदस्य हैं। किसी भी फार्मासिस्ट को शासकीय सेवा में भर्ती अथवा दवा दुकान का संचालन करने के लिए फार्मेसी काउंसिल का पंजीकृत सदस्य होना अनिवार्य होता है। स्वास्थ्य विभाग के साथ फार्मासिस्ट के पद पर अन्य शासकीय विभागों में भी भर्ती की जाती है।

योजना बनाई गई

फार्मेसी काउंसिल के कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन करने की योजना बनाई गई है। इससे विभिन्न कार्यों के लिए काउंसिल कार्यालय का चक्कर लगाने से सदस्यों को मुक्ति मिलेगी।

- **अरुण मिश्रा,** अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल

हुआ पेंडिंग प्रकरणों का निपटारा

फार्मेसी काउंसिल में नए रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं होने की वजह फार्मासिस्टों के पंजीयन और सदस्यता नवीनीकरण का काम अटक गया था। इसकी वजह से तीन से चार माह के भीतर तीन हजार आवेदन पेंडिंग हो गए थे। नए रजिस्ट्रार के आने पर इसका काम शुरू किया गया है और विभिन्न तरह की त्रुटियों के समाधान की वजह से करीब पांच सौ आवेदन पेंडिंग है, बाकी ढाई हजार प्रकरणों का निपटारा कर लिया गया है।

नए साल की पहली तिमाही में वाहनों की बिक्री टॉप गियर में

- जनवरी में 24, फरवरी में 29 और मार्च में 31 फीसदी ज्यादा बिके
- प्रदेश में नई सरकार आने के बाद किसानों के पास भी भरपूर पैसा आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में नए साल की पहली तिमाही में बूम आ गया है। जहां बीते साल से जनवरी में 24 फीसदी, फरवरी में 29 और मार्च में 31 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं। इस साल बीते साल से ज्यादा साल भर ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। चारपहिया वाहनों की आमतौर पर अपने राज्य में एक माह से ज्यादा से ज्यादा चार हजार के करीब बिक्री होती है, लेकिन इसकी बिक्री लगातार ज्यादा हो रही है। यह बिक्री पांच से छह हजार होने लगी है।

- हर माह बिक रहीं पांच से छह हजार कारें

अपने प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए साल का आगाज शानदार हुआ है। इस बार बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार हो रहा है। वैसे बीते साल भी साल भर अच्छा कारोबार हुआ था। लेकिन यह साल बीते साल से ज्यादा अच्छा कारोबार होने वाला है ऐसा कारोबारियों का कहना है। इस बार प्रदेश में नई सरकार आने के बाद किसानों के पास भी भरपूर पैसा आया है। जहां किसानों को दिसंबर में दो साल का बोनस मिला, वहीं किसानों को धान की अंतर की राशि भी मिली है। ऐसे में किसानों का पैसा भी लगातार बाजार में आ रहा है।

इतने ज्यादा बिके वाहन

नए साल के पहले माह में रिकार्ड 57810 वाहनों की बिक्री हुई है। यह बीते साल से 24 फीसदी ज्यादा है। इन वाहनों में सबसे ज्यादा 42620 दोपहिया वाहन है। कारों की बिक्री भी रिकॉर्ड तोड़ रही है। आमतौर पर कारों की बिक्री एक माह से तीन से चार हजार के आस-पास रहती है, लेकिन जनवरी में 5892 कारें बिकी हैं। इस माह में कृषि ट्रैक्टर भी बहुत बिके हैं। इनकी संख्या 2791 है। अब फरवरी की बात करें तो इस माह हालांकि जनवरी की तुलना में करीब पांच हजार वाहन कम बिके हैं, लेकिन बीते साल से जरूर 29 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं। फरवरी में 53979 वाहन बिके हैं। इनमें से 39668 दोपहिया वाहन हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो 4903 बिकी हैं। इस माह ट्रेक्टर जनवरी से ज्यादा बिके हैं। इसका आंकड़ा 2989 है। मार्च में दोपहिया वाहन ने रिकॉर्ड तोड़ा है। इस माह 45691 दोपहिया वाहन बिके हैं। इसी के साथ चार पहिया वाहनों में 5031 बिके हैं। इसके अलावा अन्य वाहन भी बिके हैं। कुल मिलाकर मार्च में 59723 वाहन बिके हैं। जो बीते साल से 31 प्रतिशत ज्यादा है। बीते साल 45791 वाहन बिके थे।

बीते नवंबर ने रचा था इतिहास

यह बात तो पहले ही तय थी कि बीते साल त्योहारी सीजन में जमकर कारोबार होगा और ऐसा हुआ भी। लेकिन यह किसी ने नहीं सोचा था कि नवंबर एक नया इतिहास बना देगा। इस माह जो वाहन बिके उतने वाहन छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी भी नहीं बिके हैं। नवंबर में 91 हजार 915 वाहन बिके। इसमें से सबसे ज्यादा 75781 दोपहिया बिके। इसके बाद 6955 कारें, 3229 गुड्स कैरियर, 962 मोपेड, 785 ई-रिक्शा और रिकॉर्डतोड़ 2181 कृषि ट्रैक्टर भी बिके। इसी के साथ कुछ अन्य वाहन भी बिके। कुल मिलाकर 2022 में बिके 51172 वाहनों से बिक्री का प्रतिशत 80 फीसदी ज्यादा रहा। वाहनों की बिक्री में राजधानी रायपुर में ही सबसे ज्यादा 16248 वाहन बिके। सबसे कम बिक्री के मामले में सुकमा में 374 और नारायणपुर में 381 वाहन बिके। इसमें तीन-तीन सौ से ज्यादा बाइक ही बिकी।

नाला सफाई गैंग में भी लोचा 25 में सिर्फ 10 ऑन ड्यूटी मिले

- निगम ने ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फाइल फोटो

ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था में निर्धारित संख्या से कम संख्या में सफाई कर्मचारी मिलना आम बात है, पर अब शहर के नाला सफाई गैंग में भी कर्मचारियों की कम संख्या में उपस्थिति से निगम प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जोन 5 के नाला सफाई कार्य निरीक्षण के दौरान सफाई गैंग में 25 कर्मचारियों की जगह केवल 10 सफाई कर्मचारी कार्य करते पाये गये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने अनुबंधित ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए ठेकेदार को चेतावनी दी है। नाला सफाई के लिए इस बार 10 जोनों के लिए 250 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ नाला गैंग के रूप में रखा गया है।

- 11 पोकलेन मशीन, नाला सफाई के लिए 250 मजदूर
- 10 जोन में नाला सफाई के लिए 25-25 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ

दरअसल, शहर के छोटे-बड़े करीबन 200 नालों की सफाई का पहला चरण 30 अप्रैल तक पूरा करने जोन कमिश्नरों को निर्देश दिये गये हैं। नाला सफाई कार्य के लि 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को 11 पोकलेन मशीन दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक जोन के लिए 25-25 सफाई कर्मचारियों का अतिरिक्त स्टाफ नाला गैंग के रूप में दिया है।

विदित हो, पहले नाला सफाई कराने निगम को नाले में उतारने पोकलेन मशीन किराये में लेना पड़ता था। अब पर्याप्त पोकलेन मशीन होने के बाद भी नाला गैंग के नाम पर 10 जोन के लिए 250 सफाई कर्मचारियों ठेके पर रखे गये हैं।

ठेकेदार पर 25 हजार रुपए का जुर्माना

निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही जोन 5 के नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। कर्मचारी कम दिखे, तो उन्होंने मुख्यालय में पदस्थ जेडएचओ से कर्मचारियों की गिनती कराई। इस दौरान वहां 10 सफाई कर्मचारी ही मौजूद मिले, जबकि वहां स्पॉट पर 25 सफाई कर्मचारी को होना था। उन्होंने ठेकेदार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसकी कटौती ठेकेदार के बिल से की जायेगी।

1100 दीपों से होगी भगवान परशुराम की महाआरती

- सत्ती बाजार के अम्बादेवी मंदिर परिसर में आयोजन 12 मई को
- महाआरती, भजन कीर्तन, श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राम्हण परिषद द्वारा भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से महाआरती की जायेगी। 12 मई को शाम 4 बजे इस मौके पर संगीतमय भजन कीर्तन का आनंद श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जायेगा।

ब्राम्हण समाज द्वारा आचार्यगणों, विप्र जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों की अगवाई में 12 मई को शाम 4 बजे से अम्बा देवी मंदिर परिसर, सत्तीबाजार में भगवान परशुराम की 1100 दीपों से भव्य महाआरती होगी। आयोजन की तैयारी को लेकर आनंद समाज वाचनालय सभागार में ब्राम्हण समाज के प्रमुखजनों के साथ बैठक आयोजित हुई। प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा सहित समाज प्रमुखों की इसमें उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थितजनों नें अपने महत्वपूर्ण सुझाव और विचारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। सभी ने अपने उद्बबोधन में कार्यक्रम के सफल होने पर विश्वास जताते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

बैठक में प्रमुख रुप से प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, समाजसेवी सनत कुमार शर्मा, सतीश शर्मा, आन्ध्रा ब्राम्हण समाज अध्यक्ष आर. मुरली, श्रीनिवास राव, सरयूपारिणी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, कैलाशनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा पप्पू, महासचिव अजय अवस्थी, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

गायत्री परिवार की बैठक, स्वर्ण जयंती कार्यक्रम पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में अखंड ज्योति की स्वर्ण जयंती और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन के मुद्दे पर रायपुर महानगर की वृहद बैठक हुई। बैठक का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर द्वारा किया गया था, जिसमें रायपुर महानगर के अंतर्गत पूरे रायपुर जिले के गायत्री परिवार के पदाधिकारी और वरिष्ठ परिजनों के साथ ही गायत्री परिजनों की भारी संख्या में मौजूदगी रही। बैठक के बीच में वरिष्ठ मंत्री और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मां गायत्री के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे, इस दौरान वहां पर उपस्थित गायत्री परिजनों से चर्चा की। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के मुद्दे पर गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी आदर्श वर्मा, ट्रस्टी सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। बैठक में सुखदेव निर्मलकर, आदर्श वर्मा, कवि संजीव ठाकुर, एमआर ठाकुर, सुखदेव देवांगन, लच्छूराम निषाद आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

जैन समाज ने बनाया जीव दया....

लाइव इवेंट

आईटी और एआई के उपयोग से बढ़ाई जा सकती है शोध गुणवत्ता

रायपुर। महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय और अग्रसेन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में न्यू मेथोडोलॉजी इन रिसर्च प्रजेंटेशन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्राध्यापक डॉ. गोपाल देशमुख ने एप्लीकेशन ऑफ आईटी इन रिसर्च प्रोसेस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि शोध के क्षेत्र में आज के दौर में अनेक प्रकार के आईटी और एआई टूल्स प्रचलित हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल सही तरह से किया जाए ताकि यह शोध कार्य को सटीक बनाने में मददगार हो। साथ ही पूर्व में प्रकाशित अच्छे शोध पत्र को देखने या लिटरेचर-रिव्यू करने के लिए गूगल स्कॉलर और मेडले जैसी साइट का भी उपयोग किया जाना चाहिए।

शोध लेखन में सॉफ्टवेयर उपयोगी

कार्यक्रम में डॉ. देशमुख ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के जरिए बताया कि शोध कार्य में जरुरी अनेक आई-टी टूल्स प्रचलित हैं, साथ ही नए टूल्स भी लगातार आ रहे हैं। गुणात्मक शोध के लिए एन्विवो एक उपयोगी सॉफ्टवेयर है। उन्होंने कहा कि पैरा-फ्रेजिंग के लिए विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। शोध लेखन में व्याकरण की गलतियों को दूर करने के लिए ग्रामरली सहित अन्य सॉफ्टवेयर काफी उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि किसी के कथन, लेखन या विवेचना को अपने शोध में संदर्भ, रेफरेंस दिए बिना शामिल करना प्लेगियरिज्म में आता है। इस अवसर पर अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.वीके अग्रवाल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.अमित अग्रवाल व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कैंपस इवेंट

छात्रों को तनावमुक्त करने कैंप योग, ध्यान व नृत्य का सहारा

रायपुर। सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल द्वारा 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को दो पाली में विभाजित किया गया, जिसमें ग्रुप ए में 5 से 9 वर्ष और ग्रुप बी में 10-15 वर्ष के छात्रों को शामिल किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी जीवन के दिनचर्या में बदलाव लाना और छात्रों को तनावमुक्त करना है। इसके साथ ही छात्रों का व्यक्तित्व विकास, सामूहिक एकता एवं व्यक्तिगत कौशल को बढ़ाने दिया जा रहा है। इसमें लगभग 150 छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। दस दिवसीय कैंप के दौरान विद्यार्थियों को योग, ध्यान, नृत्य, कलाशिल्प, इनडोर और आउटडोर खेल कराए जा रहे हैं।

लोकनृत्य की जानकारी

पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत योग और जुम्बा डांस के साथ हुई, जिसके पश्चात खेल, संगीत, नृत्य और पेंटिंग की कक्षा संचालित की गई। समर कैंप में बच्चों के रुचि अनुसार विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक लोकनृत्य की जानकारी दी गई, जिसमें विभिन्न कलाओं के संबंध में बताया गया। इस दौरान सरोज साहू, सुलभा शर्मा, रीना बाबर, डॉली शर्मा, नीलिमा वर्मा, सोनिया मसीह, सुनंदा पात्रा, निधि अवधिया, अतिथि चंद्राकर, कल्पना बोस, रिशा गोस्वामी, अर्चना कुशवाह उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम संचालित किया गया।

एजूकेशन अपडेट

माध्यमिक शिक्षा मंडल की टोल फ्री हेल्पलाइन कल से



रायपुर। बोर्ड परीक्षा से पूर्व शिक्षा मंडल द्वारा विषय विशेषज्ञों से विद्यार्थियों की बात कराई गई थी। इस दौरान प्रदेशभर के छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्याएं साझा की। बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम कुछ ही दिनों में जारी किया जाएगा। इससे पहले माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हेल्पलाइन के लिए टोल फ्री नंबर 1800-2334363 जारी किया है। दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा टोल फ्री नंबर की घोषणा की गई है। इसकी मदद से परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व ही बच्चे मनोवैज्ञानिक से चर्चा कर सकते हैं।

तीन पालियों में मदद

सुबह से लेकर शाम तक तीन पालियों में इसकी व्यवस्था की गई है, जिसमें मनोवैज्ञानिक, कॅरियर काउंसलर और विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। माशिम के अनुसार, परीक्षा परिणाम के दौरान होने वाले तनाव और समाज के भय से बच्चों में तनाव उत्पन्न हो जाता है। इससे कई बार बच्चे गलत कदम उठाते हैं। इससे बच्चों को उबारने के लिए ही यह व्यवस्था की गई है। छात्र तथा उनके पालक किसी तरह के सवाल इस दौरान कर सकेंगे। छात्रों को तनाव से उबरने में मदद विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। गत वर्षों में भी इसका संचालन किया जाता रहा है।

● 28 जून को उदित होंगे शुक्र, इसके बाद ही बज सकेंगी शहनाइयां

रात्रि 11 :13 पर अस्त हुआ शुक्र, 24 वर्षों बाद मई-जून में मुहूर्त नहीं, एकमात्र अक्षय तिथि के लिए सजे पारंपरिक बाजार

"अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहर के मैरिज भवनों में भी बड़ी संख्या में विवाह होंगे। पर्व 10 मई को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी को लेकर लोग अभी से जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ी रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस से बने सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखे, सितारों से बने मोर-मुकुट के अलवा पूजन सामग्री और दुल्हन के लिए साड़ियों का बाजार सज चुका है।

रायपुर। हर दिन गोलबाजार में शादी की खरीदारी करने लोग परिवार समेत पहुंच रहे हैं। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा, बर्तन और रेडीमेड कपड़ों की बिक्री में 30 फीसदी तक की बढ़ोतरी बताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से सभी लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचने लगे हैं। थोक कपड़ा व्यापरी वीरेंद्र वाधवानी ने बताया, शहर में 1 हजार से अधिक रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। अक्षय तृतीया में ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहर में थोक में शादियां होती हैं। मुहूर्त को देखते हुए पुरुष व महिला दोनों के ही कपड़ों की अलग-अलग वैरायटी दुकानदार लेकर आए हैं।

मई और जून में कोई विवाह मुहूर्त नहीं

शुक्र ग्रह अस्त होने के साथ ही मांगलिक मुहूर्त पर अब विराम लग चुका है। 24 सालों के बाद मई और जून में एक भी दिन विवाह का मुहूर्त नहीं है। इसकी वजह दोनों महीनों में शुक्र ग्रह का अस्त होना है। शुक्र उदित होने के बाद जुलाई में ही विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। ऐसी स्थिति वर्ष 2000 में भी बनी थी, तब भी मई और जून में कोई विवाह मुहूर्त नहीं था। इस संयोग से शहर के मैरिज भवनों पर इसका असर पड़ सकता है। इस साल मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त पिछले साल की तुलना में कम है। पं. चंद्रभूषण ने बताया, ज्योतिष शास्त्र में शुक्र ग्रह अस्त होना अच्छा नहीं माना जाता है इसलिए वैवाहिक काम नहीं होना चाहिए और यह शास्त्र के विपरीत भी है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र के अस्त होना एक ऐसी स्थिति है, जब शुक्र सूर्य के करीब आ जाता है।



तांबे व पीतल के बर्तन की मांग बढ़ी

विवाह को लेकर इन दिनों बर्तन बाजार में भी भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानदारों का कहना है कि वधू पक्ष के अधिकतर लोग बर्तन के अंतर्गत ग्लास, प्लेट सेट के साथ थाली व कटोरी के सेट लेना अधिक पसंद कर रहे हैं। गांव से पहुंचने वाले अधिकतर लोग पानी भरने के लिए स्टील या तांबे व पीतल के बर्तन अधिक खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लोग विवाह में बर्तन भेट करते हैं। तेज धूप को देखते हुए लोगों शादी की खरीदारी सुबह व शाम के समय कर रहे हैं। दोपहर को कम ही लोग बाजार में नजर आ रहे हैं।

कमरबंद और चांदी के सिक्के की बढ़ी बिक्री

अक्षय तृतीया को लेकर सराफा बाजार में भी इन दिनों भीड़ है। सराफा व्यापारियों का कहना है कि सोने का दाम अधिक होने से भारी वजनी ज्वेलरी के बजाय हल्की वजन की ज्वेलरी पहली पसंद बनी हुई है। इसके अलावा चांदी की बिछिया, चंपक, कान के झुमके, बाजूबंद, कमरबंद, चांदी के सिक्के की मांग अधिक है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की तरफ भी महिलाओं का रुझान इस वर्ष अधिक है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक अधिक आ रहे हैं।

16 जुलाई से 12 नवंबर तक चातुर्मास

शादियों का शुभ मुहूर्त अब सीधे जुलाई में मिलेगा। 9 से 15 तारीख तक जुलाई तक मुहूर्त है। इसके बाद 16 जुलाई से 12 नवंबर तक चातुर्मास रहेंगे, जिसमें मांगलिक कार्य फिर से वर्जित होंगे। इसके बाद नवंबर में 17, 18 एवं 22 से 26 तक और दिसंबर में 2 से 5 तक व 9, 10, 11, 13, 15 को मुहूर्त है। इसके पूर्व एक मई से लेकर 8 जुलाई तक सभी तरह के मांगलिक कार्य नहीं होंगे। पंचांग के अनुसार, 29 अप्रैल को रात 11 बजकर 13 मिनट पर शुक्र अस्त हो गए हैं। इसके 7वें दिन यानी 6 मई को रात करीब 11 बजे गुरु भी अस्त होंगे। गुरु का उदय 3 जून को होगा और वैभव के कारक ग्रह शुक्र 28 जून को उदित होंगे, लेकिन उसके बाद भी 10 दिनों तक मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं होंगे। जुलाई महीने में 9 तारीख से फिर से शादी विवाह के मुहूर्त की शुरुआत होगी।

रोबोटिक्स कंपीटिशन : विद्यार्थियों ने पेश किए अपने मॉडल, बताया किस तरह मिलेगा कामों में सहयोग

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय में रोबोटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 7 विभिन्न राज्यों की 23 टीमों ने भाग लिया। कई स्कूली छात्रों ने भी इस कार्यक्रम को देखा और विज्ञान एवं रोबोटिक्स शिक्षा के प्रति प्रेरित हुए। रोबोटिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित विभिन्न मापदंडों का पालन करते हुए प्रत्येक प्रतिभागी का मूल्यांकन 150 अंकों में किया गया। मूल्यांकन के लिए विभिन्न बिंदु निर्धारित किए गए थे। इसके आधार पर ही छात्रों की प्रस्तुतियां जांची गई। यह प्रतियोगिता सरनबास्वा विश्वविद्यालय कलबुर्गी और आईट्रिपलई एसबी जैन कॉलेज, नागपुर के सहयोग से आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों सहित देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के संकाय सदस्यों, छात्रों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों ने हाइब्रिड मोड में इस कार्यक्रम में भाग लिया।

चेन्नई के छात्रों ने बटोरी तारीफें

श्री प्रथम टीम विजेता बनी। इसमें एमिटी यूनिवर्सिटी और कलिंगा यूनिवर्सिटी के छात्र शामिल थे। उन्हें 8000 रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। चेन्नई के सोमसुंदरम और टीम ने 4000 रुपए नकद पुरस्कार के साथ प्रथम रनरअप रहे। आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अंशित मिश्रा और टीम ने 2500 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ दूसरे रनरअप का स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण के लिए शीर्ष दो टीमों को नामांकित किया जाएगा। चेन्नई के छात्रों ने निर्णायकों की तारीफें बटोरी। अन्य छात्रों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। उन्हें कई तरह के टिप्स निर्णायकों द्वारा मिले।

रोबोटिक इंजीनियरिंग समझें छात्र

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने रोबोट शब्द के शाब्दिक अर्थ और पहले रोबोटिक इंजीनियरिंग के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को इस तरह के आयोजनों में भाग लेने और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि रोबोटिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किस तरह के कॅरियर विकल्प मौजूद हैं।

धन, कर और सीमा शुल्क कानूनों की जानकारी साझा करेगा एचएनएलयू

रायपुर। हिदायतुल्ला विधि विवि, राष्ट्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क अकादमी के बीच एमओयू किया गया है। इसका उद्देश्य अप्रत्यक्ष कर, धन और सीमा शुल्क कानूनों के क्षेत्र में पारस्परिक विकास को बढ़ावा देना है। संस्थानों द्वारा मिलकर संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। शिक्षण पद्धतियों, प्रशिक्षु विकास और अनुसंधान गतिविधियों के विकास के लिए जानकारी का आदान-प्रदान किया जाएगा। विभिन्न कानूनी और प्रक्रियात्मक विषयों पर प्रशिक्षण संसाधन साझा किए जाएंगे। सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास किया जाएगा। शैक्षिक उद्देश्यों के लिए एक-दूसरे की सुविधाओं और संसाधनों का उपयोग संस्थान आपस में कर सकेंगे।

सीखने का अवसर

विधि विवि के कुलपति प्रो.विवेकानंदन ने कहा, इस समझौते से क्षमता निर्माण, अनुसंधान और वकालत के क्षेत्रों में लाभ होगा। सभी संस्थानों के सदस्यों को सीखने का मौका मिलेगा। विधि विवि के छात्र भी इन संस्थानों की मदद से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। एमओयू में हस्ताक्षर के दौरान एनएसीआईएन के अतिरिक्त निदेशक शैलेंद्र कुमार, एचएनएलयू के प्रभारी रजिस्ट्रार डॉ. विपन कुमार सहित प्राध्यापक उपस्थित रहे।

बच्चों का तनाव दूर करने शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

बच्चों से अधिक उम्मीद ना रखें पालक, यह तनाव की मुख्य वजह बिल गेट्स, अल्बर्ट आइंस्टीन, थॉमस एडिसन भी हुए थे असफल

कार्नर न्यूज

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम मई के दूसरे सप्ताह जारी किए जाएंगे। अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं। कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, राज्य शासन ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं एससीईआरटी के सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास एवं अभिप्रेरणा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस ऑनलाइन प्रशिक्षण से 30 हजार से अधिक सरकारी व निजी स्कूलों के 10वीं-12वीं के शिक्षक, पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं बीईओ आदि ने स्वेच्छा से प्रशिक्षण प्राप्त किया। माशिम सचिव पुष्पा साहू कि पहली बार राज्य में विद्यार्थियों में उत्पन्न विभिन्न अवसाद और अन्य जानलेवा समस्याओं से निजात पाने तथा उन्हें पहचान कर नियंत्रित करने, समाज, पालक, स्वयसेवियों, शिक्षकों के माध्यम से निगरानी प्रणाली विकसित करने यह प्रशिक्षण रखा गया। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक तथा अन्य व्यक्ति अब स्कूल शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से 10-12 वीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व व पश्चात बच्चों में तनाव दूर करने अपना योगदान देंगे।

सप्ताह के सभी दिन 24 घंटे हेल्पलाइन

माशिम अध्यक्ष रेनू पिल्ले ने अपने उद्बोधन में कहा, परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पाई जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर "104 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श" पर सूचित किया जा सकता है। यह टोल फ्री नंबर 24×7 संचालित रहेगा।

भाई-बहनों से तुलना करती है कुंठित

मेडिकल कॉलेज रायपुर के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति सिंह ने कहा, बहुत बार ऐसा देखा गया है कि बहुत अच्छे रिजल्ट लाने वाले बच्चों का परिणाम खराब हो जाता है। ऐसे बच्चे अपने रिजल्ट को एक्सेप्ट नहीं कर पाते। ऐसे बच्चे तनाव ग्रसित हो जाते हैं, कभी-कभी अपने बड़े भाई या बहनों के साथ तुलना करने पर भी वह अपने आप को कुंठित महसूस करते हैं। कॅरियर काउंसलर डॉ.वर्षा वरवंडकर ने अपने उद्बोधन में कहा, काउसिंलिंग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में बच्चों के लिए 5000 से अधिक कॅरियर के ऑप्शन हैं। एससीईआरटी के जेपीरथ ने अपने उद्बोधन में कहा, परीक्षा के बाद बच्चे तनाव ग्रसित हो जाते हैं तथा गलत रास्ते पर चले जाते हैं। अतः इसके लिए तनाव प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है।

कम अंक हासिल करने का अर्थ अयोग्यता नहीं

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा, कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते हैं। इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है। कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए, लेकिन आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की। विषय विशेषज्ञ डॉ.स्वाति शर्मा ने कुछ ऐसे व्यक्तित्व का उदाहरण दिया, जिनके प्रारंभिक जीवन में चुनौतियां थी परंतु बाद में भी सफल हुए। उदाहरण के लिए बिल गेट्स, अल्बर्ट आइंस्टीन, थॉमस एडिसन। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों को हमेशा इनकरेज करना चाहिए। फैमिली एनवायरमेंट हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए। बच्चों को अन्य बच्चों के साथ कंपेयर नहीं करना चाहिए और हमेशा बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहिए।

इवेंट लाइव

नए संग पुराने गानों का मिश्रण जादुई आवाज से किया अचंभित

रायपुर। धुन फाउंडेशन म्यूजिकल ग्रुप एवं पेट्ल्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मायाराम सुरजन हाल में 'तुम मिले, दिल खिले' शीर्षक से म्यूजिकल प्रस्तुति दी गई। पहली बार दोनों ग्रुप के कलाकारों ने एक साथ नए-पुराने गानों से श्रोताओं के बीच अपनी अमिट छाप छोड़ी। मायाराम सुरजन हॉल श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। देर रात तक कार्यक्रम का आनंद सभी ने लिया। धुन फाउंडेशन म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर अजय अडवानी, बाबूलाल प्रजापति, राजेश सिंह, ऋतु श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह दत्ता सहित म्यूजिक पेट्ल्स से धनश्री भट्ट, डॉ. शचि जोहरी, प्रतिमा डे, देव खटवानी, डॉ. आकाश लालवानी, डॉ. दिग्विजय सिंह अपनी गायकी से लोगों को झूमने के लिए विवश किया।

जुगलबंधी ने चौंकाया

शाम 6.30 बजे से शुरू हुए इस म्यूजिकल कार्यक्रम में तू मुझे कबूल.., वादा कर ले साजना.., तू प्यार... सहित कई सदाबहार नगमों की प्रस्तुति दी गई। जुगलबंधी करते हुए गायकों द्वारा पेश किए गए गीतों ने लोगों को चौंका दिया। दोनों ही ग्रुप के कलाकारों द्वारा पेश किए गए गानों ने सभी की तालियां बटोरी।

सोशल लाइव

रावण रुपी प्लास्टिक का दहन नाटक के जरिए मार्मिक अपील

रायपुर। ग्रीन आर्मी संस्था की ओर से मरीन ड्राइव में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली ट्रैफिक थाना से होते हुए मरीन ड्राइव में समाप्त हुई। संस्था सदस्य रैली के दौरान हाथों से लिखी तख्तियां और बैनर लेकर चलते रहे। प्रकृति के दुश्मन पानी पाउच और पॉलीथिन संबंधित नारे लगते रहे। इसे राहगीर भी दोहराते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतः बहिष्कार करते नजर आए। रैली के दौरान प्लास्टिक रूपी रावण राहगीरों का ध्यानाकर्षण करता रहा। संस्था के अध्यक्ष मोहन वाल्यांणी ने बताया, सिंगल यूज प्लास्टिक का दोबारा उपयोग नहीं किया जा सकता है। पशु भी अनजाने में इसका सेवन कर लेते हैं और बीमारियों से ग्रसित होते हैं।

पॉलिथीन मुक्त समाज का संदेश

पैलोटी कालेज की छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पॉलिथीन मुक्त समाज का संदेश दिया। इस दौरान गुरुकुल महाविद्यालय की छात्राएं भी उपस्थिति रहीं। नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक कैसे पर्यावरण व स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। मार्केट क्षेत्रों व आम नागरिकों से अपील की गई कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और विक्रय न करें। घरों से सब्जी एवं अन्य सामग्री लेने निकलने पर हमेशा अपने साथ कपड़े से बना थैला आदि लेकर निकले। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे संस्था, पीके साहू, एनआर नायडू, मीडिया प्रभारी हेमंत ठाकुर व जोन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सिटी इवेंट

फैंसी ड्रेस में इठलाए बच्चे गीत-नृत्य की मोहक प्रस्तुति

रायपुर। तेलीबांधा स्थित संडे स्कूल में वीबीएस कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जैसे पद बोलो, समूह तथा एकल गीत, नृत्य इत्यादि। बच्चों को वीबीएस में खेलकूद, फैंसी ड्रेस, क्रॉफ्ट्स, जिसके लिए बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर सेंटपॉल कैथेड्रल सीएनआई के पासबान रेवरेंट सुनील कुमार, संडे स्कूल सुप्रीटेंडेंट डॉ. नेहा पिल्ले, सचिव पल्लवी मिंज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए जीवन में बेहतर करने की सीख दी।

उत्कृष्ट कार्यों लिए महिलाएं सम्मानित

वक्ता मंच ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न क्षेत्र की महिलाओं का सम्मान किया गया। संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की शिक्षिका अपर्णा आठल, महाराष्ट्र मंडल की वरिष्ठ आजीवन सभासद पद्मजा लाड, साक्षी टोले भी सम्मानित हुईं। नारी शक्ति अवार्ड के साथ ही वक्ता मंच द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के नेतृत्व में मतदाता जागृति से संबंधित इवेंट भी रखा गया। इसमें लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

शिक्षकों को पत्र लिखकर पढ़ाई का हाल बताएंगे स्कूली छात्र पड़ोसियों का लेंगे इंटरव्यू, बीज अंकुरण संग किताब समीक्षा

समर वेकेशन : होमवर्क के जरिए बच्चों के सोशल और मेंटल ग्रोथ पर जोर

"स्कूलों में गर्मी छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। वेकेशन के दिनों में बच्चों में पढ़ने और लिखने की आदत को बनाए रखने इस बार स्पेशल असाइनमेंट और प्रोजेक्ट दिया गया है, जिससे बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास भी होगा। छात्रों को शहर और देश की बड़ी समस्या का हल खोजने का असाइनमेंट मिला है।

छुट्टियों में बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए बच्चों को मिले स्पेशल असाइनमेंट

पढ़ेंगे बाल साहित्य और पंचतंत्र

शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में इस समर वेकेशन में बच्चों को बाल साहित्य पढ़ने पर जोर दिया गया है। शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि हमने सभी बच्चों को पंचतंत्र कथा ग्रंथ पढ़ने का असाइनमेंट दिया है। इस किताब को पढ़कर बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ सोच भी विकसित होती है। इसके अलावा सदाचारी बनने के गुण बताने के साथ-साथ रिश्तों का महत्व जानने जैसे रोचक असाइनमेंट दिए हैं। उनका कहना है कि बच्चे गणित और अंग्रेजी में कमजोर होते हैं। इसलिए उन्हें अंग्रेजी में निबंध लिखने के साथ गणित के सूत्रों को चार्ट तैयार करने का कहा है, जो उन्हें आगे की कक्षा में भी काम आएगा।

ट्रैफिक समस्या का ढूंढेंगे हल

कक्षा 8वीं से 10वीं की पढ़ाई करने वाले छात्रों को समस्या पर आधारित असाइनमेंट मिला है। द लिटिल वर्ड के प्राचार्य प्रीति शुक्ला ने बताया कि बच्चों को मोबाइल से दूर रहकर शारीरिक गतिविधि करनी है। शिक्षक हर 10 दिनों में पालकों से बात कर इसकी मॉनिटरिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं के छात्रों को शहर में ट्रैफिक समस्या का हल ढूंढने स्पेशल असाइनमेंट दिया है। अपने आसपास होने वाली सोशल एक्टिविटी पर निबंध के अलावा छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को जानने को कहा गया है। इसके साथ ही सड़क पर चलती गाड़ियों के नंबर से उसका स्टेट व सिटी जानने का अनोखा प्रोजेक्ट दिया है।

सामाजिक होने का असाइनमेंट

ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को रोचक असाइनमेंट मिले हैं। बोरिया में शासकीय स्कूल के शिक्षक प्रेम साहू ने बताया, हमने समर असाइनमेंट को रिसर्च कार्य की तरह तैयार किया है। इसमें ऐसी एक्टिविटी दी है, जिसमें उन्हें सोशल होना है। बच्चों को पड़ोसियों के इंटरव्यू लेना हैं, कम्युनिटी डेवलपमेंट को समझना है, बीज का अंकुरण करके देखना है। इन सभी गतिविधि से उन्हें जानकारी जुटानी है ताकि वे सामाजिक हो सकें। चूंकि छुट्टियां कम दिन की होती है, इसलिए क्लास तीसरी से नौवीं तक इतना ही वर्क देते हैं कि वे एंजॉयमेंट के साथ उसे पूरा कर सकें।

रायपुर। हरिभूमि ने शहर के विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस वेकेशन में बच्चों को पढ़ाई से हटकर मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को ध्यान देते हुए होमवर्क तैयार किया है। होली हार्ट्स स्कूल के आशुतोष सिंह ने बताया, हमने बच्चों के लिए रोचक असाइनमेंट तैयार किया है, जिससे वे पढ़ाई से जुड़े रहेंगे।



पाठ्यक्रम से जुड़े हुए हैं साइंस और गणित के प्रोजेक्ट

शाला संचालकों ने कहा, इसे मनोरंजक तरीके से पूरा किया जा सकता है। बच्चे जहां भी घूमने जाएंगे, वहां का अपना यात्रा वृतांत लिखेंगे। हमने अनुभव की शिक्षा थीम पर इस बार असाइनमेंट और प्रोजेक्ट दिया है। हमनें बच्चों से कहा है कि 15 दिनों के बाद अपने शिक्षक को एक पत्र लिखेंगे, जिसमें अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समर वेकेशन के बारे में बताएंगे। यह इसलिए ताकि बच्चे स्कूल और शिक्षकों से जुड़े रहें। इसके अलावा किताब पढ़ने को कहा है, जिसकी समीक्षा भी खुद लिखेंगे। साइंस और गणित के प्रोजेक्ट पाठ्यक्रम से जुड़े हुए हैं।

यूपीएससी प्रीलिम्स के साथ टकराव से बचने नेट की तिथि में बदलाव, अब 18 जून को पर्चे

- *16 जून को है यूपीएससी प्रीलिम्स इसी दिन था नेट का आयोजन*

रायपुर। यूजीसी नेट जून 2024 सेशन के एग्जाम तैयारियों में लगे उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से यूजीसी नेट 2024 का आयोजन 16 जून को किया जाना था, जिसमें अब बदलाव किया गया है। यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार की ओर से किये गए ट्वीट के अनुसार अब इस परीक्षा का आयोजन 16 की बजाय 18 जून को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया जाएगा। परीक्षा का आयोजन ओएमआर मोड में होगा और एग्जाम एक ही दिन में संपन्न करवाया जाएगा। यूजीसी नेट जून 2024 एग्जाम की डेट के लिए अभ्यर्थी पहले से ही मांग कर रहे थे। ऐसा इसलिए हो रहा था क्योंकि 16 जून को ही संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आयोजन भी किया जाना था। इसी के चलते अब एनटीए की ओर से यूजीसी नेट परीक्षा की तिथि में बदलाव करके आगे बढ़ा दिया गया है।

10 मई तक कर सकते हैं आवेदन

ऐसे उम्मीदवार जो यूजीसी नेट एग्जाम में भाग लेना चाहते हैं और अभी तक आवेदन नहीं किया है वे इसके लिए निर्धारित अंतिम तिथि 10 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के साथ ही अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन शुल्क अवश्य जमा करें तभी आपका फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। आवेदन शुल्क जनरल/ अनरिजर्व्ड कैंडिडेट्स के लिए 1150 रुपए, जनरल-ईडब्ल्यूएस/ ओबीसी एनसीएल वर्ग के उम्मीदवारों को 600 रुपए और एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी/ थर्ड जेंडर के लिए 325 रुपए तय की गई है। यूजीसी नेट एग्जाम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने शुरू किए आवेदन

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा फॉर एडमिशन स्नातकोत्तर के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईसीएआर ने घोषणा की है कि किसी भी डिग्री प्रोग्राम के अंतिम वर्ष के छात्र अब एआईईईए (पीजी) परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट **icar.nta.in** पर जाकर आईसीएआर एआईईईए पीजी आवेदन पत्र भरना होगा। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11 मई, 2024 है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, आईसीएआर एआईईईए पीजी का आयोजन 29 जून को किया जाना है। एनटीए आईसीएआर एआईईईए पीजी 2024 आवेदन फॉर्म सुधार विंडो 13 मई से 15 मई तक खोलेगा।

आवेदन शुल्क

सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को आईसीएआर एआईईईए पीजी 2024 परीक्षा के लिए पंजीकरण करने के लिए 1,120 रुपए का आवेदन शुल्क देना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग, गैर-क्रीमी लेयर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पंजीकरण शुल्क 1,100 रुपए है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग और ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 550 रुपए है।

ग्रामीण व्यक्ति जीवन के मूलभूत मुद्दों पर करते हैं स्वाभाविक चिंतन

रायपुर। एमिटी यूनिवर्सिटी में इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहयोगात्मक प्रयास से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आईसेक्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति प्रोफेसर एमके वर्मा ने किया। प्रोफेसर टी.जी. सीतारम ने भारत के युवाओं के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कुलपति प्रोफेसर एमके वर्मा ने कहा कि प्रतिभा, स्थान या परिस्थितियों से बाधित नहीं होती है। कई प्रतिभाशाली व्यक्ति भारत के ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। ग्रामीण व्यक्ति अपने जीवन में मूलभूत मुद्दों पर स्वाभाविक रूप से चिंतन करके नवीनता और क्षमताओं को सामने लाते हैं।

छात्रों को उद्यमिता के सिखाए गुर

एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. पीयूष कांत पांडे ने कहा, नवप्रवर्तन और उद्यमिता के लिए चार आवश्यक चीजें दूरदर्शी, प्रर्वतक, निष्पादक और निर्णय निर्माता हैं। पहले दिन के दौरान प्रतिभागियों ने एक्सपो में अपनी नई रचनाएं प्रस्तुत की। चौथे दिन प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने, संबंध बनाने और प्रेरणा पाने के लिए स्थानीय दौरे पर ले जाया जाएगा, जिससे उनके उद्यमशीलता दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद मिल सकी। अंतिम दिन छात्रों की टीम कंपनी के संस्थापकों, इनक्यूबेटरों, बौद्धिक संपदा विशेषज्ञों, एंजेल निवेशकों, उद्यम पूंजीपतियों और ज्ञान एजेंसियों के पेशेवर पैनल के सामने अपने अभिनव विचार प्रस्तुत करेंगी।

श्री सीमांधर स्वामी मंदिर की पहल, ध्वजा महोत्सव के अंतर्गत स्थापना

जैन समाज ने बनाया जीव दया फंड, इसके जरिए बेजुबानों की करेंगे सेवा, गर्मी से बचाने बांटे जाएंगे दाना फीडर और सकोरे

कार्नर न्यूज

रायपुर। भैरव सोसायटी स्थित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में सोमवार से पांच दिवसीय ध्वजारोहण महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस कड़ी में पशु-पक्षियों की सेवा भावना से पक्षियों के लिए 500 नग दाना फीडर व सकोरा कॉलोनी के लोगों को बांटा जा रहा है। इसके पहले दादा गुरुदेव के सम्मुख इक्तिसा जाप संग महोत्सव शुरु किया गया। दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर की अगवाई में ध्वजा महोत्सव के पहले दिन नई पहल की गई। इस बार पशु-पक्षियों की सेवा के लिए सीमंधर स्वामी जीव दया फंड की स्थापना की गई है। इसमें सोसायटी की महिलाओं को दाना फीडर व सकोरा दिया जा रहा है।

महिलाएं कर रही प्रेरित

महिला मंडल की मंजू कोठारी व मयूरी गोलछा ने बताया कि वे दाना फीडर और सकोरे का सेट देते हुए सोसायटी की महिलाओं को अपनी बाल्कनी व गार्डन में लगाकर रखने और प्रतिदिन दाना व पानी डालने की सलाह देते हुए पशु-पक्षी सेवा के लिए प्रेरित कर रही हैं। जिससे गर्मी में पक्षियों को आसानी से भरपेट दाना-पानी देते हुए इस गर्मी में जीव सेवा की जा सके। यह पहल ध्वजा महोत्सव की कड़ी में आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इससे लोगों को जोड़ने के लिए जिम्मेदारी दे रहे हैं।

दो दिन होंगे मुख्य धार्मिक आयोजन

ध्वजा महोत्सव 29 से 3 मई तक चलेगा। प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर मसा के आशीर्वाद से होगा। आयोजन आध्यात्म योगी महेंद्र सागर के शिष्य उपाध्याय श्री मनीष सागर मसा व मुनि भगवंत आदि ठाणा के पावन सानिध्य में होंगे। 3 मई को सप्तम ध्वजा महोत्सव के विधि कारक विमल गोलछा होंगे। इनके द्वारा सत्तरभेदी पूजा का विधान किया जाएगा। इस पहले 2 मई को प्रतिमाओं की वर्षभर की आशातनाओं से शुद्धि प्रत्यर्थ 18 अभिषेक होगा।

धर्म दर्शन

महादेव का त्रिपुंड क्यों हैं चमत्कारी? जानें सही अर्थ

सनातन धर्म में धार्मिक पूजा के दौरान माथे पर तिलक लगाया जाता है। हर देवी-देवता की पूजा में तिलक लगाने की रचना में भी अंतर देखने को मिलता है। ऐसे में हम बात कर रहे हैं शिव पूजा की, जिसमें लगाए जाने वाले तिलक को त्रिपुंड कहते हैं। त्रिपुंड तिलक तीन रेखाओं से मिलकर बना होता है, जिसे चंदन या भस्म से लगाया जाता है। कहते हैं, त्रिपुंड तिलक में एक नहीं बल्कि 27 अलग-अलग देवी-देवताओं की शक्तियां समाहित होती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, त्रिपुंड लगाने से भगवान शिव की कृपा भक्तों को प्राप्त होती है।

किस रेखा में किस देवी-देवता का स्थान : त्रिपुंड में कुल 27 देवी-देवताओं का वास हैं, जिसकी हर एक रेखा में 9 देवता विराजित हैं। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो त्रिपुंड की पहली रेखा में महादेव, पृथ्वी, ऋग्वेद, धर्म, गार्हपत्य, रजोगुण, आकार, प्रातः कालीन हवन और क्रियाशक्ति देव वास करते है। वहीं, दूसरी रेखा में इच्छाशक्ति, अंतरात्मा, दक्षिणाग्नि, सत्वगुण, महेश्वर, ऊंकार, आकाश और मध्याह्न हवन देवता होते हैं। इसके अलावा त्रिपुंड की तीसरी रेखा में शिव, आहवनीय अग्नि, सामवेद, ज्ञानशक्ति, तृतीय हवन स्वर्ग लोक, तमोगुण और स्वयं परमात्मा का वास होता हैं।

शिवलिंग पर त्रिपुंड लगाने के विधि : भगवान शिव को अर्थात शिवलिंग को चंदन, लाल चंदन या अष्टगंध से त्रिपुंड लगाना चाहिए। इसे लगाने के लिए सबसे पहले दाएं हाथ की बीच की उंगली मध्यमा यानी अनामिका से ऊपर की दो रेखाएं बनानी चाहिए। इसके बाद नीचे इसी तरह की रेखा को तर्जनी उंगली से बना देवें। यहां जो ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात हैं, वो ये हैं कि त्रिपुंड लगाते समय रेखाएं बाएं नेत्र से दाएं नेत्र की तरफ ही लगाएं। यह सभी चीजें शिवपुराण में स्पष्ट रूप से वर्णित हैं।

त्रिपुंड तिलक लगाने के लाभ : कहते हैं कि जो भी व्यक्ति अपने माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाता है, उसे इसमें समाहित सभी 27 देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसे लगाने के बाद मन में बुरे विचार नहीं आते हैं। साथ ही मानसिक शांति का अनुभव होता है और व्यवहार में सौम्यता वास करने लगती हैं। जो व्यक्ति हर दिन त्रिपुंड लगाता है, उसे जाने-अनजाने में किये गए सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा त्रिपुंड लगाने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

लग्जरी सुख-सुविधाओं के दाता शुक्र ग्रह 19 को करेंगे राशि परिवर्तन



ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक हर ग्रह एक निश्चित समय के बाद राशि परिवर्तन करता है। यह ग्रह चाल राशियों में राजयोग निर्मित करती है। इसी कड़ी में 19 मई को शुक्र ग्रह वृषभ राशि में प्रवेश करने वाले हैं। शुक्र ग्रह लग्जरी सुख-सुविधाओं के दाता हैं। शुक्र का यह गोचर वृषभ, सिंह और कन्या राशि के लिए शुभ फल देने वाला साबित होगा। दरअसल, वृषभ राशि में पहले से गुरु विराजित हैं, ऐसे में शुक्र और गुरु का मिलन मालव्य राजयोग और गजलक्ष्मी राजयोग निर्मित करेगा। ये दोनों राजयोग वृषभ, सिंह और कन्या राशि के लिए शुभ होंगे।

वृषभ राशि वालों को जबर्दस्त लाभ : शुक्र गोचर का जबरदस्त लाभ वृषभ राशि के जातकों को होगा, इन्हें कोई शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। व्यापार के लिहाज से समय अच्छा रहेगा। कारोबार में कोई मोटी डील आपको मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन मिलने की संभावना हैं। खानपान में लापरवाही सेहत बिगाड़ सकती है।

सिंह राशि को भी राजयोग का लाभ : शुक्र ग्रह के राशि परिवर्तन से वृषभ राशि में बनने वाले मालव्य राजयोग का लाभ सिंह राशि को मिलेगा। इनके लिए करियर में उन्नति के मार्ग खुलेंगे। नौकरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। नया व्यापार शुरू करने का विचार बन सकता हैं। दांपत्य जीवन की मुश्किलें दूर होंगी और जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

कन्या राशि वालों के कॅरियर में उछाल : मालव्य राजयोग कन्या राशि वालों के लिए करियर में उछाल लेकर आएगा। नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। अटके हुए कार्यों को पूरा करने में सफलता मिल सकती है। अविवाहित जातकों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

गर्मी शरीर में कई परेशानियों की बनती है वजह

गर्मी से सिर में हो तेज़ दर्द तो दवाइयां लेने से बचें, घरेलू उपाय से मिनटों में करें दूर

बहुत से लोग सिरदर्द की समस्या से परेशान रहते हैं। सिर में तेज दर्द का उठना कई कारणों से हो सकता है। तेज ठंड या तेज़ गर्मी भी सिरदर्द की वजह बन सकती है। समर सीजन में होने वाली तेज़ गर्मी और गरम हवाएं बहुत से लोगों के सिर में दर्द की वजह बनती है। सिरदर्द होने पर लोग अक्सर दवाएं खा लेते हैं। हालांकि कुछ घरेलू तरीकों को अपनाकर सिरदर्द से जल्द राहत पाई जा सकती है। सिरदर्द होने पर हमारे यहां सदियों से दादी-नानी के बताए घरेलू तरीकों को आजमाया जाता रहा है। इन तरीकों की मदद से मिनटों में सिरदर्द दूर हो जाता है।

गर्मी में भरपूर पानी पिएं

गर्मी के दिनों में सिरदर्द उठने की एक बड़ी वजह शरीर में पानी की कमी भी हो जाती है। इससे डिहाइड्रेशन और एसिडिटी की समस्या शुरू हो जाती है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिसिन रिसर्च के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी सोचने और काम करने की क्षमता पर प्रभाव डालती है। सिरदर्द उठने पर एक-दो गिलास पानी या फ्रूट जूस और स्मूदी लेना फायदेमंद होता है।

पर्याप्त नींद न होना भी है बड़ा कारण

कई बार पर्याप्त नींद न होने की वजह से भी सिरदर्द होने लगता है। आप अगर घर से बाहर नहीं निकले हैं, बावजूद इसके सिर में दर्द उठ रहा है तो इसकी वजह कम नींद भी हो सकती है। ऐसे में काम छोड़कर लेट जाएं और माइंड को रिलैक्स कर नींद लेने की कोशिश करें।

मांसपेशियों की करें हल्की सिकाई

सिरदर्द होने की वजह कई बार गर्दन की मांसपेशियों में खिंचाव की वजह से भी होता है। ऐसे में ठंड के दिनों में मसल्स को अगर गर्म सिकाई दी जाए और गर्मी के दिनों में आइस से सेका जाए तो मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है। सिकाई गर्दन के आसपास करना फायदेमंद होता है।

हर्बल टी का सेवन लाभकारी

सिरदर्द उठने पर हर्बल टी का सेवन लाभकारी हो सकता है। हर्बल टी में ऐसी कई औषधि होती हैं जो कि दर्द को दूर करने में मदद कर सकती हैं। सामान्य सिरदर्द की सूरत में हर्बल टी अपना असर दिखा सकती है।

गुनगुने नारियल तेल से करें मसाज

सिरदर्द दूर करने का एक पारंपरिक और कारगर घरेलू नुस्खा है सिर की मालिश करना। नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर उसे बालों की जड़ों में लगाकर 10 से 15 मिनट तक मसाज करें। इससे सिरदर्द में बहुत आराम मिलता है।

खरबूजा खाने के बाद जिसे कचरा समझकर आप फेंक देते हैं, वो बिकता है 2 हजार रुपए किलो

गर्मी के दिनों में पानी से भरपूर और रसीले तरबूज-खरबूज खाने में जितने टेस्टी लगती हैं उससे कहीं ज्यादा फायदेमंद होते हैं। सभी जानते हैं कि खरबूज को छीलकर और बीज निकालकर खाया जाता है। ज्यादातर लोग छिलके और बीजों को कचरा समझकर फेंक देते हैं, लेकिन जिन बीजों को आप कूड़ेदान में डाल देते हैं वो 2 हजार से भी ज्यादा कीमत में बाजार में बिकते हैं। खरबूज के बीज में एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं जो फ्री रेडिकल्स से स्किन को बचाते हैं। खरबूज के बीज फाइबर से भरपूर और तासीर में ठंडे होते हैं। वजन घटाने में भी खरबूज के बीज मदद करते हैं।

कैसे उपयोग में लाएं खरबूजे के बीज : खरबूजे के बीज को आप स्टोर करके किसी खुले डब्बे में रखते जाएं। जब थोड़े से बीज इकट्ठा हो जाएं तो इन्हें पानी से अच्छी तरह से धो लें और फिर धूप में सुखा दें। अब इन बीज को छीलकर रख लें। अगर आप मार्केट से खरबूज के बीज खरीदते हैं तो ऑनलाइन 250 ग्राम खरबूज 500 रुपए से भी ज्यादा में बिकते हैं।

खरबूजे के बीज का क्या करें : गर्मी के दिनों में आप आसानी से घर में खरबूज के बीज को निकालकर स्टोर कर सकते हैं। मेलन सीड्स का इस्तेमाल आप किसी भी नाश्ते के साथ, सलाद में डालकर, दही या स्मूदी में डालकर कर सकते हैं। आटे के लड्डू और बर्फी में भी खरबूज के बीज अच्छे लगते हैं। गाजर के हलवा या फिर किसी भी मिठाई में खरबूजे के बीज मिला सकते हैं। अलग से सिर्फ खरबूजे और नारियल की बर्फी भी बनाई जाती है।

खरबूजा के बीज के फायदे

इम्यून सिस्टम मजबूत करे : खरबूजे के बीज खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। खरबूजे के बीज में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है।

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखे : खरबूजे के बीज हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मददगार साबित होते हैं। इसमें फाइबर, पोटेशियम और विटामिन सी पाया जाता है जो हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में भी मदद करता है। इससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल भी मेंटेन रहता है।

डाइजेशन को बनाए बेहतर

फाइबर से भरपूर खरबूजे के बीज पाचन को बेहतर बनाए रखते हैं। खरबूजे के बीज खान से कब्ज और पाचन की समस्या दूर होती है। जिन लोगों का डाइजेशन स्लो होता है उन्हें खरबूज के बीज खाने चाहिए। त्वचा को बनाए हेल्दी खरबूजे के बीज में विटामिन ए, सी और ई पाया जाता है जिससे स्किन हेल्दी बनती है। उम्र के साथ कम होते कोलेजन को बढ़ाने में सीड्स मदद करते हैं। खरबूज के बीज खाने से स्किन हेल्दी रहती है।

चमत्कारी हैं ये रत्न चमका देता है भाग्य

ज्योतिष के अनुसार रत्नों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इन्हें धारण करने से तरक्की के मार्ग प्रशस्त होते है। साथ ही कुंडली में मौजूद ग्रह दोष भी दूर होते है और आर्थिक उन्नति होने लगती है। ज्योतिष कहता है कि हर व्यक्ति को अपनी राशि के हिसाब से ही रत्न को धारण करना चाहिए, जिससे शुभ फलों की प्राप्ति हो। रत्नों की पहचान राशि और ग्रहों के हिसाब से होती है, उन्हीं रत्नों में एक हैं पुखराज का रत्न।

कई नामों से जाना जाता है पुखराज रत्न : पुखराज रत्न चमकीले पीले रंग का दिखाई देता हैं। इसे पहनने से जातक को मानसिक शांति का अनुभव होता हैं। पुखराज को पुषराजा, पीतमणि, पुष्पराग, गुरु रत्न, गुरुप्रिया पुष्पराज और पितमन के नाम से भी पहचानते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, धन-संपत्ति में बढ़ोतरी के लिए पुखराज रत्न धारण किया जाता है। हालांकि, इन्हें नियमों के हिसाब से ही पहनना चाहिए, अन्यथा इनका प्रभाव कम हो सकता है।

पुखराज पहनने के लाभ

पुखराज रत्न को बृहस्पति ग्रह से जोड़ा गया हैं। इसे बृहस्पति ग्रह का रत्न कहा जाता है। इसे धारण करने से जातक के धन में बढ़ोतरी होने की संभावना बनती है। इसे धारण करने से पाचन शक्ति भी मजबूत होती है। कहा जाता है कि पुखराज पहनने से करियर में सफलता मिलती है और ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।

किन राशियों के लिए है पुखराज

ज्योतिष शास्त्र कहता है कि पुखराज रत्न को राशि के अनुसार ही पहनना चाहिए। ऐसे में मिथुन राशि, कन्या राशि और वृषभ राशि के लिए पुखराज को शुभ माना गया है। हालांकि, कुंडली में बृहस्पति की स्थिति को देखते हुए राशि अनुसार व्यक्ति को पुखराज धारण करना चाहिए।

पुखराज धारण करने का नियम

पुखराज रत्न को गुरूवार के दिन ही धारण करें। ज्योतिषानुसार 5 से 7 कैरेट के पुखराज को हमेशा सोने की अंगूठी में जड़वाकर धारण करें। इसे पहनने से पहले अंगूठी को दूध के साथ गंगाजल में मिलकर रख देवें। इसके बाद शक्कर और शहद के घोल में रत्न को डाल देवें। इसके पश्चात गुरूवार को बृहस्पति देव की पूजा करें और फिर ' ऊं ब्रह्म बृहस्पतये नमः' मंत्र का जाप करें। इस पूजा के बाद अंगूठी को बृहस्पति देव के चरणों से स्पर्श करवाने के बाद अंगुलियों में धारण कर लेवें।

नींबू का करेंगे ऐसे सेवन तो बढ़ता वजन होगा तेजी से कम, सेहत को मिलेंगे अनेक फायदे

बढ़ते मोटापे से देश और दुनिया में ज़्यादातर लोग परेशान हैं। मोटापा इन दिनों एक महामारी की तरह सामने आई है। हर कोई यह जानने की कोशिश करता है कि वो कैसे अपना वजन कम करे और शरीर में जम चुके एक्स्ट्रा फैट यानी की चर्बी से कैसे छुटकारा पाएं। अगर मोटापा कम करने के लिए आप कई सारे घरेलू नुस्खे अगर आजमा चुके हैं और आपको कोई फायदा नहीं हो रहा है तो अपनी डाइट में आप नींबू का सेवन शुरू करें। चलिए हम आपको बताते हैं कैसे एक नींबू आपका वजन कम कर सकता है।

गुणों की खान है नींबू

विटामिन सी से भरपूर, नींबू का फल एक सुपरफूड है जो आपको शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। इस साइट्रस फल को आपको अपनी अपनी डाइट में ज़रूर शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, नींबू के सेवन से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, जिससे आपका बढ़ता मोटापा तेजी से कंट्रोल हो सकता है। इसके साथ ही नींबू के रस से शरीर का पाचन भी दुरुस्त होता है, जिससे आपका पेट हमेशा साफ़ रहता है। इसके सेवन से कमजोर इम्यूनिटी मजबूत होती है।

नींबू पानी में इन्हें डालकर भी पिएं

नींबू पानी में शहद, काली मिर्च पाउडर और दालचीनी पाउडर मिलाकर पीने से भी फायदा मिलता है। साथ ही जब भी सलाद खाएं उसमें नींबू का रस ज़रूर डालें। मिक्स जूस या सूप बनाते समय उसमें नींबू का रस मिला सकते हैं, इससे टेस्ट भी बढ़ जाता है और हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है।

सिर्फ नींबू से नहीं घटेगा आपका वजन

सिर्फ नींबू के सेवन से आप मोटापा कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। इसके साथ आपको बेहतरीन डाइट और व्यायाम भी करना होगा। लगभग 80 प्रतिशत डाइट और 20 प्रतिशत एक्सरसाइज मोटापा कम करने में कारगर है। हेल्दी फ्रूड में घर की बनीं सब्जियां, दाल, चपाती, ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें। बाहर का जंक फ्रूड जितना जल्दी बंद करेंगे आपकी सेहत के लिए उतना ही असरदार होगा।

खराब होकर बेकार हुए फ्रिज को कबाड़ में ना बेचें, इन तरीकों से दोबारा कर सकते हैं उपयोग

घर-घर में फ्रिज होती है। इसके बिना आम लोगों का गुजारा नहीं होता। खाना अगर कमरे के तापमान में छोड़ दें तो वो खराब हो जाता है ऐसे में फ्रिज में ही दूध, दही, पका हुआ भोजन, सब्जी, ब्रेड आदि चीजों को आमतौर पर रखा जाता है। आमतौर पर एक फ्रिज की शेल्फ लाइफ 5 से 10 साल तो होती ही है, जिसके बाद फ्रिज खराब हो जाती है। कई बार तो कुछ मेजर खराबी आने से फ्रिज जल्दी ही खराब हो जाती है। बार-बार बनवाने के बाद भी फ्रिज खराब हो जाए तो इस पर पैसे खर्च करना बर्बादी है।

किताबों को कर सकते हैं स्टोर

आप चाहें तो इसमें किताबें रख सकते हैं. वे किताबें जो जरूरत की हैं लेकिन उनका इस्तेमाल डेली नहीं करते। अगर घर का बुक शेल्फ भर गया है तो बाकी बची किताबों को फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं। आप चाहें तो फ्रिज को बाहर से डेकोरेट भी कर सकते हैं ताकि ये सुंदर दिखे।

जिनकी कम जरूरत, रखें ऐसे कपड़े

आपकी अलमारियां कपड़ों से भर गई हैं, उसमें कुछ भी रखने के लिए जगह नहीं बचा है तो आप ऐसे कपड़े जिनका उपयोग कम होता है उन्हें फ्रिज में तह लगाकर रखें। इसमें चादर, पर्दे, तौलिया, सोफ कवर, कुशन और तकिया कवर आदि रखना बेस्ट होगा, क्योंकि इनका इस्तेमाल जल्दी नहीं होता है।

डेली यूज में न आने वाली चीजें रखें

खराब हो चुके फ्रिज में डेली इस्तेमाल में ना आने वाली चीजों को भी रखा जा सकता है। कुछ ऐसी चीजों को अक्सर लोग स्टोर करके रखते हैं ताकि बाद में इस्तेमाल में आए। ऐसी ही चीजों को आप अपनी इस पुरानी फ्रिज में स्टोर कर दें।



फिल्म इवेंट

भोजपुरी

भोजपुरी में 'कभी खुशी कभी गम', आम्रपाली-प्रदीप देंगे शाहरुख-काजोल को टक्कर

करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' बॉलीवुड की टॉप फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। ऐसे में जो भोजपुरी सिनेमा लवर्स है उन्हें ये सुनकर खुशी होगी कि अब भोजपुरी में भी 'कभी खुशी कभी गम' बनने जा रही है। जी हां, भोजपुरी निर्माता निशांत उज्जवल भोजपुरी में 'कभी खुशी कभी गम' लेकर आ रहे हैं। पोस्टर में आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी, प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ पोज देती दिख रही हैं। बता दें कि आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी, प्रदीप पांडेय चिंटू तीनों ही भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े स्टार्स हैं, जिन्हें एक ही फिल्म में साथ देखना फैन्स के लिए बड़ी बात है। बताया जा रहा हैं कि यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म होगी, जिसका दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। वहीं स्टारकास्ट को देखते हुए कहा जा सकता है ये फिल्म लाजवाब होने वाली है। दुल्हन बनीं संचिता बनर्जी काफी खूबसूरत दिख रही हैं। यूट्यूब की सबसे बड़ी भोजपुरी फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2' की सुपर हिट फीमेल लीड आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी इस फिल्म में वापस साथ आ रही हैं। ऐसे में इन्हें दोबारा साथ में स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

पंजाबी

कमाई करने में 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने 'सौंकन सौंकने' को छोड़ा पीछे

पंजाबी फिल्म 'कैरी ऑन जट्टा 3' पंजाब और भारत में कई जगहों पर काफी पसंद की जा रही है. गिप्पी ग्रेवाल और सोनम बाजवा स्टारर इस फिल्म को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। 'कैरी ऑन जट्टा 3' को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। ये फिल्म गुरुवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ओपनिंग डे से ही अच्छा कलेक्शन कर रही है। चौथे दिन इस पंजाबी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ 6 करोड़ का बिजनेस किया था। फिलहाल ये फिल्म पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। बता दें कि 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने सरगुन मेहता की फिल्म 'सौंकन सौंकने' के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। 'सौंकन सौंकने' का पहले वीक का कलेक्शन 16.4 करोड़ रुपये रहा था, लेकिन 'कैरी ऑन जट्टा 3' ने 6 दिनों में 24 करोड़ रुपयों से ज्यादा कमाई कर ली है। ऐसे में 'कैरी ऑन जट्टा 3' पंजाबी इंडस्ट्री के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने की राह पर है। 'कैरी ऑन जट्टा 3' की स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में गिप्पी ग्रेवाल, बिन्नु ढिल्लो और गुरप्रीत घुग्गी ने लीड रोल प्ले किया है। फिल्म का डायरेक्शन स्मीप कांग ने किया है। दिलचस्प बात ये है कि बॉलीवुड के दबंग खान यानी सलमान खान ने बिग बॉस ओटीटी 2 में भी इस फिल्म की तारीफ की थी।

मॉलीवुड

2018 एवरीवन इज ए हीरो' ने तोड़े कई मॉलीवुड बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड

मुंबई। अवॉर्ड विनर डायरेक्टर जूड एंथनी जोसेफ के द्वारा डायरेक्ट मलयालम मूवी '2018 एवरीवन इज ए हीरो' को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। मलयालम फिल्म बिजनेस से जुड़े हुए तमाम लोग इस मूवी को केरल की असली स्टोरी बता रहे हैं। '2018 एवरीवन इज ए हीरो' की स्टोरी साल 2018 में केरल में आई बाढ़ पर बेस है। मूवी में बाढ़ के सामने इन्सानियत की जीत को बहुत ही बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है। टोविनो ने 2018 में बाढ़ राहत के लिए अपनी मर्जी से लोगो की हेल्प की थी। फिल्म में वह एक ऐसे यंगस्टर के रोल में है, जो एक नकली मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ भारतीय सेना को छोड़ देता है। इसके साथ बाढ़ के दौरान खुद को छुड़ाने में कामयाब रहता है। मूवी में मुख्य तौर पर आसिफ अली, कुंचाको बोबन, लाल और नेशनल अवॉर्ड विनर एक्ट्रेस अपर्णा बालमुरली ने एक टीवी रिपोर्टर का रोल किया है।

रिसेप्शन पार्टी के लिए हटके आउट फिट

शादियों का सीजन चल रहा है। वहीं दुल्हन बनी हर लड़की चाहती है कि वो सबसे सुंदर लगे। वे शादी के कई महीनों पहले से शादी के हर फंक्शन के लिए अलग अलग आउटफिट और ज्वैलरी का कलेक्शन करना स्टार्ट कर देती हैं। क्योंकि हर लड़की चाहती है कि वो अपनी शादी में सबसे हटके लगे और उसका पहना हुआ आउटफिट सबसे यूनिक हो। ऐसे में अगर आप भी शादी के बाद होने वाली रिसेप्शन पार्टी के लिए हटके आउट फिट खोज रहीं हैं तो इन बॉलीवुड एक्ट्रेस के लुक से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

गर्मी के कारण रूखे हो गए हैं आपके बाल तो इन आसान टिप्स के जरिये बनाएं रेशमी

गर्मी के मौसम में नमी कम होने के कारण हमारे बाल रूखे होकर उलझ जाते हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाएं पार्लर जाकर महंगे उपचारों का सहारा लेती हैं। हालांकि, पार्लर में बिजली से चलने वाले उपकरण और रासायनिक उत्पाद बालों के स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं और उन्हें बेजान बना सकते हैं। आप कुछ आसान टिप्स के जरिए घर पर ही बालों की देखभाल करके उन्हें दोबारा मुलायम बना सकती हैं।

अपने बालों के प्रकार के बारे में जानें : अपने बालों की सही देखभाल करने के लिए सबसे पहले बालों के प्रकार को पहचानना जरूरी होता है। रूखेपन का मुकाबला करने के लिए अपने बालों के हिसाब से ही उत्पाद चुनें। आमतौर पर बालों के 3 प्रकार होते हैं- सीधे, घुंघराले और वेवी। सीधे बालों के लिए ऑर्गन तेल, केराटिन और नारियल तेल जैसी सामग्रियों वाले उत्पाद चुनें। घुंघराले बालों की देखभाल के लिए जोजोबा, सूरजमुखी

और एवोकाडो तेल समेत शिया बटर से लैस उत्पाद इस्तेमाल करें।

बालों को सूखने के लिए समय दें : स्वस्थ और मुलायम बाल पाने के लिए अपने बालों को आराम से सुखाएं या स्टाइल करें। गीले बालों को सुखाने के लिए तेजी से तौलिया रगड़ना उन्हें खुरदुरा और रूखा बना सकता है। इसकी बजाय अपने बालों से अतिरिक्त पानी को सुखाने के लिए माइक्रोफाइबर तौलिया या पुरानी कॉटन टी-शर्ट का उपयोग करें।

प्रदूषण से करें बालों की सुरक्षा

आपको अपने बालों को पर्यावरणीय कारकों जैसे प्रदूषण और कठोर अल्ट्रा-वॉयलेट किरणों के संपर्क में आने से बचाने के लिए प्रयास करने चाहिए। घर से बाहर जाने पर टोपी या स्कार्फ पहनकर अपने बालों को सुरक्षित रखें। साथ ही बालों की अधिक रक्षा करने के लिए एंटी-फ्रिज उत्पादों में निवेश करें। आप हफ्ते में एक बार हेयर मास्क लगाकर भी अपने बालों को प्रदूषण से बचा सकती हैं। इसके अलावा हफ्ते में 2 बार अपने बाल धोएं।

सीरम का करें इस्तेमाल : बालों के रूखेपन को ठीक करने के लिए अपनी दैनिक दिनचर्या में हल्के सीरम को शामिल करना एक अच्छा निर्णय हो सकता है। अपने बालों की मरम्मत करने के लिए उन पर सीरम की 2 से 3 बूंदें लगाएं। सीरम के इस्तेमाल से आप उड़ते हुए छोटे बालों को जगह पर रख सकेंगी और उलझे बालों को सुलझा सकेंगी। अपने बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए आप घर पर बने सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

अलमारी में होने चाहिए ये काले ऑउटफिट, मिलता है शानदार लुक

हर महिला को काले रंग के कपड़े पहनना बेहद पसंद होता है। चाहे गोरी हो या सांवली, हर रंगत वाली महिला पर काले कपड़े फबते हैं। इस रंग के कपड़े कभी फैशन रूझानों से बाहर नहीं होते और एक खूबसूरत लुक देते हैं। चाहे पार्टी में जाना हो या दोस्तों के साथ, हर महिला की अलमारी में इस तरह के काले रंग के ऑउटफिट जरूर होने चाहिए। इनके जरिए आप सबसे अलग और सुंदर नजर आएंगी।

काले रंग की शॉर्ट ड्रेस, मोतियों का हार : काले रंग की शॉर्ट ड्रेस पहनकर हर महिला शाही दिख सकती है। 'लिटिल ब्लैक ड्रेस' एक बेहद लोकप्रिय ऑउटफिट है, जिसे प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर कोको शनैल ने 1920 में डिजाइन किया था। यह एक ऐसा कपड़ा है, जिसे आप अवसर के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। काली ड्रेस के साथ मोतियों वाला हार और लाल रंग की लिपस्टिक खूब जचेगी। गर्मी में सबसे खूबसूरत दिखने के लिए आप ये कलर कॉम्बिनेशन पहन सकती हैं।

फुल लेंथ वाली काली ड्रेस, लंबी हील : इन दिनों महिलाओं के बीच बॉडीकॉन ड्रेस की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। ये ऐसी ड्रेस होती हैं, जो शरीर पर चिपकी हुई होती हैं। आप सुंदर दिखने के लिए काले रंग की फुल लेंथ बॉडीकॉन ड्रेस पहनने पर विचार करें। इससे आपको एक शाही लुक मिलेगा और आप सबसे एलिगेंट नजर आएंगी। इसे स्टाइल करने के लिए लंबी हील पहनें और बोल्ड आई मेकअप लगाएं। आप इस ड्रेस पर गोल्डन रंग के कड़े और हार भी पहन सकती हैं।

काली साड़ी के साथ पहनें बड़े झुमके : काली साड़ी पहनना कभी गलत निर्णय नहीं हो सकता। काली साड़ी, चाहे पारंपरिक हो या आधुनिक, सभी अवसरों पर अच्छी लगती है। इसे आप पार्टियों, शादियों और फेयरवेल आदि में पहनकर बेहद खूबसूरत दिख सकती हैं। अपनी काली साड़ी के साथ बड़े झुमके और चूड़ियां पहनें। दिन के वक्त इस पर हल्का न्यूड लिपस्टिक वाला मेकअप लगाएं और शाम के समय स्मोकी आई लुक कैरी करें। गर्मी के मौसम में रहेगा इन फैशन ट्रेंड्स का बोल बाला। अगर आप कम मेहनत करके सबसे स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो काले रंग की टी-शर्ट जरूर खरीदें।

शादी में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो पहनें ये ट्रेंडिंग ब्राइडल स्नीकर्स

दुल्हन बनना हर लड़की का सपना होता है और हर दुल्हन चाहती है कि वो शादी के दिन सबसे अलग और खूबसूरत दिखाई दे। शादी के दिन को खास बनाने के लिए लड़कियां कोई कसर नहीं छोड़ती हैं वे ब्राइडल अटायर से लेकर फुटवियर्स तक को अहमियत देती हैं। हालांकि अब हील्स पहनने का ट्रेंड चला गया है। आजकल की लड़कियां ब्राइडल स्नीकर्स जो ना सिर्फ पहनने में कूल बल्कि कम्फर्टेबल भी होते हैं। जो अभी ट्रेंडिंग में भी हैं। यहां हम आपको ट्रेंडिंग और स्टाइलिश ब्राइडल स्नीकर्स बताना जा रहे हैं जिसे आप अपने वेडिंग आउटफिट से मैच करके पहन सकतीं हैं।

डोरी वाली स्नीकर्स : आप डोरी वाली स्नीकर्स भी ट्राई कर सकती हैं। यह आपको अलग लुक देंगे। इस स्नीकर्स पर सितारों और पिंक कलर के धागे का काम किया गया है। आप इसको आप गोल्डन और पिंक कलर के लहंगे के साथ ट्राई कर सकती हैं। आप इसमें काफी अलग दिखेंगी और आपकी फोटो वीडियो भी अच्छे आएंगे।

ब्राइडल डिजाइन : इस स्नीकर्स पर बहुत ही खूबसूरत और कूल ब्राइड का प्रिंट हैं। आप इसको भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्नीकर्स एकदम परफेक्ट हैं। आप इसको रेड कलर के लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।

मोती वर्क स्नीकर्स

इन स्नीकर्स पर मोतियों का काम किया जाता है। इस स्नीकर्स को आप पिंक कलर के लहंगे के साथ पहन सकती हैं। यह आपको सबसे अलग और खूबसूरत लुक देगा। इसमें आकर्षक मोतियों का काम किया जाता है। स्नीकर्स आरामदायक और स्टाइलिश होते हैं।

वेलवेट स्नीकर्स : इस स्नीकर्स पर वेलवेट और गोले शीशे का काम किया गया हैं, जो कि अपने आप एक अलग लुक देता है। आप इसको महरून कलर के लहंगे के साथ वियर कर सकती हैं।

ऑयली स्किन से हैं परेशान तो घर पर ही इन चीजों से बनाएं घरेलू फेसपैक

गर्मियों का मौसम चल रहा है और तेज धूप ने लोगों को परेशान कर रखा है। गर्मी इतनी भीषण पड़ने लगी है कि लोगों ने अभी से अपने खान-पान और पहनावे में बदलाव कर लिया है। इस मौसम में सभी अपनी स्किन का भी खास ख्याल रखते हैं लेकिन गर्मी का मौसम ऑयली स्किन वाले लोगों के लिए काफी परेशानी लेकर आता है। तेल से छुटकारा पाना इतना आसान तो नहीं होता, लेकिन अगर आप चाहें तो इससे थोड़ी राहत पा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको घर पर रखी कुछ चीजों से घरेलू फेसपैक बनाकर ऑयली स्किन से छुटकारा पा सकते हैं।

खीरा और शहद

खीरा और शहद का पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में कसा



हुआ खीरे लेकर उसमें 2 बड़े चम्मच शहद मिला लें। अब इसे अच्छी तरह मिलाएं और फिर अपने चेहरे पर सही से लगाएं। 10 मिनट के बाद अपने चेहरे को धो लें।

दही और हल्दी

त्वचा को एक्सफोलिएट करने के लिए दही सबसे अच्छा माना जाता है। ऐसे में एक बाउल में दही लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और चुटकीभर हल्दी मिलाएं।

गुलाबजल और शहद

त्वचा की कई परेशानियों को दूर करने के लिए गुलाबजल काफी सही रहता है। आप गुलाब जल में थोड़ा सा शहद मिलाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पेस्ट को 20 मिनट तक अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें।

ओट्स और दूध

इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले ओट्स को सही से पीस लेना है। ओट्स पीसने के बाद इसमें कच्चा दूध मिलाएं। अब इसे अपने चेहरे पर कुछ देर के लिए लगाएं। ये पैक आपके चेहरे को ठंडक देगा और ऑयली स्किन को कम करेगा।

कार्नर न्यूज घर में पले पशु-पक्षी हो जाते हैं परिवार के सदस्य, उनकी परेशानियों को न करें अनदेखा

पालतू जानवरों की देखभाल के लिए अपनाएं ये टिप्स, मिलेगी बड़ी मदद

जानवरों से प्यार करने वाले लोग अपने पालतू जानवरों को परिवार का सदस्य ही मानते हैं। घर में कुत्ते, बिल्ली, खरगोश और पक्षियों जैसे जानवर पालने से अकेलापन दूर होता है। साथ ही पालतू जानवर तनाव, चिंता और उदासी को दूर करके आपको खुश रहने में मदद करते हैं। हालांकि, किसी भी जानवर को घर लाना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है, क्योंकि उनकी सही देखभाल करना जरूरी होता है। अपने पालतू जानवरों को नगर निगम द्वारा पंजीकृत जरूर करवाएं। पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ये टिप्स अपनाएं।

स्वास्थ्य पर दें विशेष ख्याल

नियमित रूप से अपने पशुचिकित्सक के पास अपने पालतू जानवर को स्वास्थ्य चेक-अप के लिए लेकर जाएं। इसी तरह जरूरतों के मुताबिक उन्हें समय पर टीके लगवाएं और उनकी डीवर्मिंग भी करवाएं। स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से अपने पालतू जानवरों के बाल कटवाएं, उन्हें नहलाएं और उनके नाखून भी काटें। साथ ही उनके दांतों को रोजाना ब्रश करना न भूलें।

सही तरह से करें उनकी ट्रेनिंग

जब आपके पालतू जानवर बड़े हो जाएं, तो उनकी ट्रेनिंग शुरू कर दें। ऐसा करने से उनका व्यवहार अच्छा रहता है और वे आसानी से किसी भी सामाजिक कठिनाई का सामना कर पाते हैं। पालतू जानवरों को प्रशिक्षण देने से आप उनसे अपने बंधन को और भी मजबूत कर सकेंगे।

पालतू जानवरों की डाइट का रखें ध्यान

अपने पालतू जानवर की पौष्टिक जरूरतों और डाइट के विषय में जानना एक जरूरी स्टेप होता है। पैकेट वाले खाने पर लिखी जानकारी से आपको अपने पालतू जानवरों की उम्र और सही आहार के बारे में पता चल सकता है। पशुचिकित्सक से पालतू जानवरों के लिए सही भोजन की जानकारी लें और उन्हें पौष्टिक चीजें खिलाएं। पालतू जानवरों को हमेशा उनकी शारीरिक गतिविधियों के आधार पर खाना खिलाना चाहिए।

जानवरों की सुरक्षा हो सर्वोपरी

अपने पालतू जानवरों को घर के अंदर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। ऐसी सभी वस्तुओं को जानवरों से दूर रखें, जो उन पर गिर सकती हैं या जिनसे उन्हें चोट लग सकती है। अपने घर के सभी खिड़की और दरवाजों को सुरक्षित रूप से बंद या बैरिकेडेड रखें। सैर पर ले जाते समय अपने पालतू जानवर के गले में पट्टा बांधकर रखें और उसे पकड़े रहें। साथ ही अपने पालतू जानवरों को नगर निगम द्वारा पंजीकृत जरूर करवाएं।

अन्य जानवरों व लोगों से करवाएं दोस्ती

अगर आपका पालतू जानवर सारा दिन अकेला रहता है तो वो उग्र और गुस्से वाला बन सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप उसे अन्य जानवरों से मिलने-झुलने और उनके साथ खेलने का मौका दें।